# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

**कर्तव्य** गोरखपुर जिले में पहरा ड्यूटी से लेकर रात्रि गश्त में लग रही महिला कांस्टेबल की ड्यूटी

# रोटी बेलने वाले हाथ, 24 घंटे ड्यूटी के साथ चला रहे इंसास

**कंप्यूटर पर संभाला मोर्चा, एसएचओ-एसओ संग फील्ड में रहती मोबाइल**

**iSPECIAL**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 July):** मैं जब थाने की ड्यूटी पर आई तो मुझे थोड़ी हिचक हुई. मैंने सोचा कि कैसे काम करूंगी. शुरूआत में दफ्तर और महिला हेल्प डेस्क पर काम किया. इसके बाद धीरे-धीरे पहरा की ड्यूटी भी लगने लगी. इससे बहुत कुछ सीखने को मिला. पहले जहां हम लोग रात में निकलने से डरते थे, वहीं अब एसएचओ, टीम संग गश्त पर निकलते हैं.



● पुरुषों के साथ निभा रही हैं ड्यूटी.

आवश्यकतानुसार छापेमारी करने के लिए भी जाते हैं. कानून-व्यवस्था की ड्यूटी से लेकर पिकेट और गश्त भी कर रहे हैं. अब अच्छा लगता है. यह कहना है कैंट थाना पर तैनात महिला कांस्टेबल सुधा यादव जो बतौर हमराही भी ड्यूटी कर रही हैं. अकेली सुधा नहीं बल्कि थानों पर तैनात दूसरी महिला कांस्टेबल भी पुरुष सिपाहियों की तरह वर्क कर रही हैं. उनका कहना है कि हम लोग पुरुषों से कम थोड़ी हैं जो ड्यूटी से परहेज करें.

गोरखपुर में तैनात कुल पुलिस फोर्स

**4900**

महिला कांस्टेबल की संख्या

**254**

पुरुष कांस्टेबल और अन्य

**4646**

> **सभी थानों पर महिला कांस्टेबल की तैनाती की गई है. डाटा फीडिंग के साथ ही अन्य तरह की ड्यूटियों में भी वह भागीदारी निभा रही है.**
>
> दिनेश कुमार प्रभु,
> एसएसपी



### अनुशासन रखते हैं मेनटेन

थानों और अन्य दफ्तरों में महिला कांस्टेबल की तैनाती से अनुशासन भी मेनटेन हो रहा है. उनके सामने कोई अभद्र बात करने से लोग बचते हैं. आमतौर पर अमर्यादित भाषा के लिए पुलिस चर्चित होती है. लेकिन महिला कांस्टेबल की मौजूदगी के दौरान इंस्पेक्टर से लेकर पूरा स्टाफ शालीनता से पेश आता है. इसका फायदा होता है कि गुस्से में भी किसी फरियादी, यहां तक किसी आरोपित को अपशब्द कहने में पुरुष पुलिस कर्मचारी परहेज करते हैं.

### यह है फायदा

- पुरुष कांस्टेबल की अपेक्षा अनुशासनहीनता की शिकायतें नहीं मिलती.
- लापरवाही और अवैध ढंग से वसूली की शिकायतें सामने नहीं आती हैं.
- पब्लिक के साथ कार्य व्यवहार में किसी तरह का कोई प्रॉब्लम नहीं आती.
- महिला कांस्टेबल से महिलाएं अपनी बात अच्छे तरीके से रख लेती है.

### इस तरह की ड्यूटी

- थानों की महिला हेल्प डेस्क
- ऑफिस में कार्यलेख ड्यूटी
- शेरनी दस्ता
- एसएचओ, एसओ हमराही ड्यूटी
- वीआईपी ड्यूटी
- पुलिस के अन्य शासकीय कार्य
- थानों की पहरा ड्यूटी

# रामगढ़ताल पुलिस के हत्थे चढ़े तीन बदमाश

**GORAKHPUR (6 July):** शहर में लूटपाट करने वाले गैंग के तीन शातिर पकड़े गए. सोमवार की रात रामगढ़ताल एरिया में पुलिस ने उनको अरेस्ट किया. चिड़ियाघर के पास बाइक लेकर खड़े तीन संदिग्ध युवकों की जांच करने के बाद उनके लूट में शामिल होने की बात सामने आई. एसएचओ रामगढ़ताल ने बताया कि तीनों लूटपाट के साथ गांजा का कारोबार भी करते थे. पकड़े गए बदमाशों की पहचान आजादनगर के गेहुआंसागर निवासी नफीस, माजिद और गोरखनाथ के धर्मशाला बाजार निवासी रवि गौड़ के रूप में हुई.

### 29 जून को लूटी थी महिला की चेन

एसएचओ ने बताया कि आरोपियों के पास से तीन हजार रुपए, लूट की चेन, मोबाइल, चाकू, बाइक और एक किलो गांजा बरामद हुआ. 29 जून की शाम तीनों ने दाउदपुर के पास एक महिला की चेन लूट ली थी. महिला की सूचना पर पुलिस ने आरोपितों को पकड़ लिया गया. महिला ने भी उनकी पहचान कर ली है. मंगलवार की दोपहर लूट, चोरी, एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उनको जेल भेज दिया गया.



रामगढ़ताल पुलिस को मिली कामयाबी, गांजा भी हुआ बरामद

रामगढ़ताल पुलिस के हत्थे चढ़े तीन बदमाश

# मानवीय खाकी: चेहरों पर लौटाई खुशियां

**GORAKHPUR (6 July):** यूपी पुलिस संकल्प के साथ हमारी सुरक्षा के लिए है. कोविड पीरियड के बाद से पुलिस का मानवीय चेहरा भी सामने आने लगा है. मंगलवार को गोरखपुर पुलिस ने अपना सेवाभावी रूप दिखाकर चेहरों पर खुशियां लौटाने का काम किया. एयरफोर्स चौकी प्रभारी सुनील गुप्ता ने विद्आउट ड्रेस घूम रहे मानसिक रोगी को कपड़े पहनाए, चौकी प्रभारी ने अपने पास से गमछा, शर्ट और पैंट मंगाया.



मानसिक रोगी युवक को बिना कपड़ों के देखकर लोग झेंप रहे थे. इसी तरह डायलिसिस के लिए रेयरेस्ट ब्लड ग्रुप एबी निगेटिव की डिमांड से परेशान मरीज की पुलिस कांस्टेबल ने मदद की. एक हफ्ते से परेशान पेशेंट को एडीजी आफिस में तैनात कांस्टेबल अविनाश राय ने ब्लड डोनेट किया. समय से ब्लड मिलने से मरीज की जान बच सकी. मरीज के परिजनों ने पुलिस के इस नेक कार्य की सराहना की.

# गोरखपुर में 315 मेडिकल स्टोर अवैध, सहजनवां में 3 दुकानें सील

**कोरोना पेंडमिक में आई अवैध मेडिकल स्टोर्स की बाढ़**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (6 July):** कोरोना पेंडमिक में आपदा को अवसर बनाने वालों ने रूल्स की जमकर धज्जियां उड़ाई. नियमों की अनदेखी कर अवैध मेडिकल स्टोर खोल लिए और शुरू कर दिया दवाओं का अवैध कारोबार. कंप्लेन और सोर्सेस की रिपोर्ट की पड़ताल में सामने आया कि 315 मेडिकल गोरखपुर जिले में अवैध तरीके से चल रहे हैं. आनन-फानन में ड्रग डिपार्टमेंट ने ऐसे अवैध मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ मेगा ऑपरेशन भी स्टार्ट कर दिया. सोमवार रात सहजनवां क्षेत्र के घघसरा में 3 मेडिकल स्टोर को सील कर चौकी थाने में जमा करा दी गई. ड्रग डिपार्टमेंट की मानें तो जिले में थोक के 2100 और फुटकर के 2789 मेडिकल स्टोर हैं. इनके अलावा करीब 315 ऐसे मेडिकल स्टोर हैं, जिनके पास न तो ड्रग लाइसेंस है और न ही मेडिकल स्टोर में रखी दवाओं को कोई हिसाब-किताब. ऐसे दुकानदारों के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद ड्रग विभाग ने टीम बनाकर कार्रवाई शुरू कर दी है. इसी कड़ी में घघसरा में 3 मेडिकल स्टोर की जांच की गई. जांच में दो मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया. इनके पास कोई भी दस्तावेज नहीं था. तीसरे के पास मौके पर लाइसेंस नहीं मिला. उसे भी सील कर दिया गया.



**2100** थोक मेडिकल दुकानें

**2789** फुटकर मेडिकल स्टोर

**17** अप्लीकेशन थोक के लिए आए.

**23** अप्लीकेशन फुटकर मेडिकल स्टोर के लिए आए.

**315** बिना लाइसेंस के दुकान

> **बिना ड्रग लाइसेंस के दवा का कारोबार नहीं किया जा सकता. शिकायतें आ रही है. सहजनवां क्षेत्र में तीन के खिलाफ कार्रवाई कर दुकानों को सील किया है.**
>
> **जयसिंह**, इंस्पेक्टर, ड्रग डिपार्टमेंट

### इधर, 3 लाख की दवाएं जब्त

डीआई जयसिंह ने बताया, मंगलवार को गोरखपुर-महाराज गंज बॉर्डर के तुलसीपुर चौराहे पर संचालित मेडिकल स्टोर से तीन लाख की अवैध दवाएं जब्त की गई हैं. दवाएं नकली तो नहीं हैं, इसकी जांच के लिए सैंपल लखनऊ स्थित लैब भेजे जाएंगे. इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी.

# गबन के तीन आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज

**गोरखपुर | निज संवाददाता**

रुपया डबल करने के नाम पर दो लाख रुपया हड़पने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिंह ने तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। आरोपित मनीष यादव गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम बनपुरवा, अवधेश यादव उरुवा थाना क्षेत्र के प्रतापीपुर और बबलू यादव पहाड़पुर गांव का रहने वाला है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धीरेन्द्र जायसवाल एवं सौरभ श्रीवास्तव का कहना था कि गोला थाना क्षेत्र के दुबौली निवासी वादी अंशुमान राय रामनगर जानीपुर में गाड़ी धुलाई की दुकान चलाता है। आरोपी भानु यादव उसकी दुकान पर आता-जाता था और रुपया डबल करने की बात कहता था। वादी ने अपनी मां के जेवर वगैरह बेच कर दो लाख रुपए की व्यवस्था कर भानु यादव के पास गया। वादी जब रुपया लेकर देईडीहा गया। जहां उसे दो व्यक्ति मिले। जैसे ही वादी ने उन्हें रुपया दिया उसी समय दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और अपने को क्राइम ब्रांच का बताते हुए उसके रुपये लेकर भाग गए।

## अपहरण कर दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बेलघाट पुलिस ने मंगलवार की सुबह सोपाई चौराहा के पास से किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। बेलघाट क्षेत्र के बहादुरपुर बुजुर्ग तिवारी टोला निवासी विकास तिवारी के खिलाफ पुलिस ने अपहरण कर दुष्कर्म के साथ पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

## 20 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गोरखपुर।** कैंट पुलिस ने मंगलवार की सुबह मोहद्दीपुर से विश्वविद्यालय जाने वाली सड़क के तिराहे से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। तलाशी में उसके पास से 20 लीटर अपमिश्रित देशी शराब और 250 ग्राम यूरिया बरामद हुआ। उसकी पहचान जेल रोड निवासी अजय के रूप में हुई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

# तीन चेन स्नेचरों को पुलिस ने दबोचा

**भेजा जेल**

- 14 जून को सब्जी खरीदने गई महिला से हुई थी चेन स्नेचिंग
- एसपी सिटी ने किया घटना का खुलासा, आरोपित गए जेल

**गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता**

रामगढ़ताल पुलिस ने तीन चेन स्नेचरों को गिरफ्तार कर मंगलवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। चेन स्नेचरों ने 14 जून को सब्जी खरीदने जा रही लक्ष्मीना देवी नामक महिला के गले से चेन स्नेचिंग की थी। पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार ने पुलिस लाइन व्हाइट हाउस में प्रेसवार्ता के जरिये चेन स्नेचरों की गिरफ्तारी की जानकारी दी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार प्रभु ने घटना खुलासे के लिए एसपी सिटी सोनम कुमार के पर्यवेक्षण में टीम गठित की थी। एएसपी/ सीओ कैंट राहुल भाटी के नेतृत्व में थाना प्रभारी रामगढ़ताल जगत नारायण सिंह की देख-रेख में गठित टीम बदमाशों की तलाश में लगी थी।

चेन स्नेचरों की सूचना मिलने पर उप निरीक्षक अभिनव मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ चिड़ियाघर के पीछे से पल्सर सवार तीन अभियुक्तों नफीस, माजिद निवासी गेहूंआं सागर थाना रामगढ़ताल व रवि गौड़ निवासी धर्मशाला बाजार दक्षिणी जटेपुर थाना गोरखनाथ को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से 1100 ग्राम गांजा, 3000 रुपये और एक चेन तथा मोबाइल बरामद किया।

पूछताछ में उन्होंने रामगढ़ताल में हुई चेन स्नेचिंग की घटना स्वीकार की। एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ कैंट व रामगढ़ताल थाने में पहले से 6 मुकदमे दर्ज हैं।

रामगढ़ताल थाने पर आई लक्ष्मीना देवी ने अभियुक्तों की शिनाख्त की। प्रेसवार्ता के दौरान सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी कैन्ट राहुल भाटी भी मौजूद रहे।

# शातिर बदमाश समेत सात पर गैंगस्टर

**शिकंजा**

**कार्रवाई**

- दबिश देने पहुंची पुलिस टीम पर मिथुन ने साथियों के साथ किया था जानलेवा हमला
- चौरीचौरा पुलिस ने गैंगस्टर में किया निरुद्ध, सभी आरोपित पहले से जेल में है बंद

**चौरीचौरा | हिन्दुस्तान संवाद**

दबिश देने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले शातिर बदमाश मिथुन पासवान और उसके छह साथियों पर चौरीचौरा पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई की है। सभी आरोपित पहले से ही जेल में बंद हैं।

चौरीचौरा थानेदार संतोष कुमार अवस्थी की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने मिथुन पासवान पुत्र स्व. रामजनक निवासी रउतैनिया सरदार चौरीचौरा, धीरू पासवान पुत्र स्व. विंध्याचल निवासी डिभिया धोबी टोला थाना कैंट, चैतू चौहान पुत्र पारस निवासी रेवाड़ा विजयपुर थाना हरपुर बुदहट, बृजेश यादव पुत्र रामानन्द निवासी के वलाचक चौरीचौरा, संजय पासवान पुत्र रामवृक्ष निवासी नौवा डुमरी थाना खोराबार, सूरज भारती पुत्र साधुसरण निवासी डुमरी खास थाना चौरीचौरा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की संस्तुति दिया है। मिथुन पासवान सहित उसके गैंग के छह अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

शातिर मिथुन पासवान पर 30, धीरू पासवान पर 18 तथा चैतू चौहान पर 15 मुकदमे गम्भीर धाराओं में दर्ज है। कुछ साल पहले मिथुन पासवान को पकड़ने के लिए उसके घर दबिश देने गई पुलिस पर उसने अपने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला कर कर फरार हो गया था। हमले में दरोगा समेत कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

# फायरिंग कर पशु तस्कर फरार

**गोरखपुर।** शाहपुर क्षेत्र के स्टर्नपुर चौराहा पादरी बाजार में सोमवार की देर रात पिकअप में लादकर पशु को ले जा रहे तस्करों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में तस्कर पुलिस पर फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस के पीछा करने पर वह भटहट के पास पिकअप छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पिकअप में लदा चार गोवंश पशुओं को बरामद किया है। पुलिस पांच-छह अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ जानलेवा हमला समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि सोमवार की रात तकरीबन 2 बजे पिकअप में लादकर पशुओं को तस्करों द्वारा ले जाने की सूचना पर शाहपुर पुलिस सक्रिय हुई। स्टर्नपुर चौराहा पादरी बाजार में पुलिस ने उनको रोकने की कोशिश की तो वह फायरिंग कर फरार हो गए। पुलिस ने उनका पीछा किया। भटहट के पास रोड से उतरकर पिकअप मिट्टी में फंस गई। पुलिस ने 5-6 अज्ञात पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# मारपीट और छेड़खानी के आरोपितों की जमानत याचिका खारिज

**गोरखपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने घर में घुसकर मारपीट एवं छेड़छाड़ करने के आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। यह अर्जी सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम एकड़गा निवासी आरोपी रामखेलावन, राहुल दूबे, विपिन दूबे, अविनाश दूबे व आदित्य की ओर से दाखिल की गई थी। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय एवं नितिन मिश्र का कहना था कि वादी के गांव के हिस्ट्रीशीटर के कहने पर

# हत्या के दो आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग नारायन सिंह ने हत्या के दो आरोपितों की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया।

गगहा क्षेत्र के हटवा निवासी रितेश मौर्य की 10 मार्च, 2021 को गगहा कस्बे में गजपुर मोड़ के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वार्ड संख्या 51 से वह जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। उनके भाई आकाश मौर्य ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध मुकदमा कराया था। इस मामले में पुलिस ने गगहा क्षेत्र के ही डुमरी निवासी टिक्का उर्फ बृजेश सिंह और खोराबार क्षेत्र के डांगीपार निवासी राजीव चौधरी को जेल भेजा है।

दोनों आरोपितों ने जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। इस पर सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह ने अदालत में अभियोजन का पक्ष रखा। बचाव पक्ष की भी दलीलें सुनने के बाद अदालत ने जमानत अर्जी खारिज करने का फैसला सुनाया।

# तीन लुटेरे गिरफ्तार, पांच घटनाओं का पर्दाफाश

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** रामगढ़ताल पुलिस ने सोमवार की रात चिड़ियाघर के पास बाइक सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ में लूट की तीन और चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश हुआ। आरोपितों के कब्जे से तीन हजार रुपये, लूटी गई चेन, मोबाइल, चाकू के साथ ही घटना में इस्तेमाल बाइक और एक किलो गांजा बरामद हुआ। दोपहर बाद तीनों को जेल भेज दिया गया।

**कामयाबी**

- रामगढ़ताल पुलिस ने सोमवार रात चिड़ियाघर के पास दबोचा
- 29 जून की शाम कैंट क्षेत्र के दाउदपुर में की थी लूट

एसपी सिटी सोनम कुमार ने मंगलवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि सोमवार की रात रामगढ़ताल थाना प्रभारी जेएन सिंह, चौकी प्रभारी आजाद चौक विशाल उपाध्याय इलाके में गश्त पर थे। मुखबिर की सूचना पर चिड़ियाघर के पास बाइक लेकर खड़े तीन बदमाशों को दबोच लिया। उनकी पहचान आजादनगर के गेहुआंसागर निवासी नफीश, माजिद और गोरखनाथ के धर्मशाला बाजार निवासी रवि गौड़ के रूप में हुई। आरोपितों ने रामगढ़ताल क्षेत्र में चोरी व लूट की चार वारदात करने की बात स्वीकार की। बदमाशों ने 29 जून की शाम को कैंट क्षेत्र में दाउदपुर के पास महिला की चेन लूटी थी। महिला को थाने बुलाया गया तो आरोपितों को पहचान लिया। मंगलवार दोपहर लूट, चोरी, एनडीपीएस व आर्म्स एक्ट के मामले में आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया।

# छेड़खानी व जालसाजी के आरोपितों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**जासं., गोरखपुर :** अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने घर में घुसकर छेड़खानी करने के पांच आरोपितों की तथा अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिंह ने जालसाजी कर दो लाख रुपये हड़पने के दो आरोपितों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है।



सिकरीगंज इलाके के एकडंगा निवासी रामखेलावन, राहुल दूबे, विपिन दूबे, अविनाश दूबे व आदित्य उर्फ अंशू दूबे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है। उन पर कुछ दिन पहले घर में घुसकर महिला से छेड़खानी करने का आरोप है। सारे आरोपित फरार हैं। उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दाखिल की थी। अदालत में अभियोजन का पक्ष रखते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता श्रद्धानंद पांडेय ने अग्रिम जमानत अर्जी के विरोध में दलील पेश की।

गगहा क्षेत्र के बनपुरवा निवासी मनीष यादव और उरुवा क्षेत्र के प्रतापीपुर निवासी बबलू उर्फ रामरतन यादव पर रुपये दोगुना करने का झांसा देकर दो लाख हड़प लेने का आरोप है। गोला क्षेत्र के दुबौली निवासी अंशुमान राय ने उनके विरुद्ध मुकदमा कराया है। उनके मुताबिक जानीपुर में उन्होंने गाड़ी धुलाई का सेंटर खोला है। आरोपित उनके सेंटर पर आते-जाते थे। रुपये दोगुना करने का झांसा दिया। इस पर अंशुमान ने दो लाख रुपये दे दिए, जिसे आरोपितों ने हड़प लिया। उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धीरेंद्र जायसवाल और सौरभ श्रीवास्तव ने अभियोजन का पक्ष रखा।

## विवाहिता की मौत के मामले में हत्या का मुकदमा

**जासं., झंगहा :** रानापार निवासी अभिनव उर्फ आकाश की पत्नी ममता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया है। सोमवार रात ममता का शव कमरे में फंदे से लटका मिला था। नौवाबारी पलिपा निवासी ममता के पिता रमाकांत ने उसके पति अभिनव तथा उसके परिवार वालों पर हत्या करने के बाद शव को फंदे लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।

# पशु तस्करों से हुई पुलिस की मुठभेड़, पिकअप छोड़कर भागे



गुलरिहा में दुकान से टकराने के बाद पशु तस्करों की पिकअप मिट्टी में फंस गई ● जागरण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पशु तस्करों को सोमवार रात शाहपुर और गुलरिहा पुलिस ने महराजगंज रोड पर घेर लिया। फायरिंग कर भाग रहे तस्करों की पिकअप भटहट के पास दुकान में टकराने के बाद मिट्टी में फस गई। इस पर तस्कर गाड़ी छोड़कर फरार हो गए। पिकअप को कब्जे में लेकर शाहपुर पुलिस ने उसमें लदे चार गोवंशियों को मुक्त कराया।

एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि रात दो बजे शाहपुर थानेदार आनंद प्रकाश को सूचना मिली कि छह पशु तस्कर स्टर्नपुर चौराहे पर पिकअप के साथ मौजूद हैं। थानेदार पहुंचे तो तस्कर गुलरिहा की तरफ भाग निकले। सूचना पर गुलरिहा थानेदार ने घेराबंदी की तो पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई कर पुलिस ने पीछा किया। गुलरिहा क्षेत्र में भटहट के पास पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई। दुकान से टकराने के बाद मिट्टी में फस गई। शाहपुर पुलिस ने अज्ञात तस्करों के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा, तोड़फोड़, सरकारी कार्य में बाधा और पशु तस्करी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया।

## दुष्कर्म का आरोपित मकान मालिक का बेटा गिरफ्तार

**जासं., गोरखपुर :** किशोरी से दुष्कर्म करने वाले मकान मालिक के बेटे को गुलरिहा पुलिस ने सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया।



मंगलवार सुबह उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। घटना में शामिल आरोपित के ममेरे भाई की तलाश चल रही है।

सीओ चौरीचौरा जगतराम कन्नौजिया ने बताया कि पीपीगंज क्षेत्र का रहने वाला युवक गुलरिहा क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर परिवार के साथ रहता था। 27 जून को युवक अपनी पत्नी के साथ पिपराइच क्षेत्र में रहने वाले रिश्तेदार के घर गया था। कमरे पर 13 वर्षीय बेटी और छोटा बेटा था। 28 जून को घर लौटे मां-बाप को किशोरी ने बताया कि रात में मकान मालिक के लड़के गोविंद और उसके मामा के बेटे प्रदीप मौर्या उसे छत पर ले गए और दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सोमवार की रात गोविंद को गिरफ्तार कर लिया।

# रुपये हड़पने के तीन आरोपितों की अग्रिम जमानत खारिज

अमर उजाला ब्यूरो

## दो लाख रुपये हड़पने का वादी ने लगाया है आरोप

**गोरखपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिंह ने गगहा के ग्राम बनपुरवा निवासी मनीष यादव, उरुवा के प्रताबीपुर निवासी अवधेश यादव व ग्राम पहाड़पुर निवासी बब्लू यादव उर्फ रामरतन की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धीरेंद्र जायसवाल और सौरभ श्रीवास्तव का कहना था कि गोला थाना क्षेत्र के दुबौली निवासी वादी अंशुमान राय रामनगर जानीपुर में गाड़ी धुलाई की दुकान चलाता है। आरोपी भानु यादव उसकी दुकान पर आता जाता था और रुपया डबल करने की बात कहता था। वादी उसकी बातों में आ गया और अपनी मां के जेवर आदि बेच कर दो लाख रुपये की व्यवस्था कर भानु के पास गया। भानु ने वादी को एक फोन नंबर दिया और कहा इस नंबर पर बात कर लो रुपया डबल हो जाएगा। वादी जब उस नंबर पर बात किया तो उसे रुपये लेकर देईडिहा के पास बुलाया गया। वादी जब रुपये लेकर देईडिहा गया जहां उसे दो व्यक्ति मिले। वादी उनके झांसे में आकर रुपये डबल करने के लिए उन्हें दे दिया। जैसे ही वादी ने उन्हें रुपये दिए तो दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और चिल्लाने लगे कि हम क्राइम ब्रांच से है और सभी लोग वादी को धोखा देकर उसका रुपया लेकर भाग गए।

## ठगी के आरोप में गोरखपुर का युवक गिरफ्तार

**जासं, देहरादून :** स्पेशल टास्क फोर्स ने एटीएम में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी लगवाने का झांसा देकर 9.60 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि देहरादून निवासी कलम सिंह ने तहरीर दी थी कि वह अप्रैल 2020 में सेना से रिटायर हुए थे। अगस्त में नौकरी के लिए एक वेबसाइट पर आवेदन किया था। अज्ञात व्यक्ति ने रजिस्ट्रेशन व विभिन्न शुल्क के रूप में उनसे नौ लाख, 60 हजार रुपये हड़प लिए। जांच में पता चला कि साइबर अपराधियों ने दिल्ली, गोरखपुर, देवरिया के बैंक खातों का इस्तेमाल किया। पुलिस टीम को गोरखपुर और देवरिया भेजा गया। टीम ने गोरखपुर से आरोपित आशुतोष कुमार पांडेय को गोरखपुर से गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य आरोपित जुनैल निवासी देवरिया को नोटिस दिया गया है।

# नौकरी का झांसा देकर ऑनलाइन नौ लाख रुपये ठगने वाला गिरफ्तार

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** नौकरी का झांसा देकर व्यक्ति से ऑनलाइन नौ लाख से ज्यादा की ठगी के आरोप में एसटीएफ ने गोरखपुर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने व्यक्ति को एटीएम गार्ड बनवाने की बात कही थी। बताया जा रहा है गिरोह का मास्टरमाइंड अभी एसटीएफ की पकड़ में नहीं आ सका है। एसटीएफ उसकी तलाश में दबिश दे रही है।

ठगी कलम सिंह पंवार के साथ हुई थी। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि कलम सिंह ने एक वेबसाइट पर नौकरी के लिए आवेदन किया था। इसके बाद एक मोबाइल नंबर से उनको कॉल आई। कॉल करने वाले ने कलम सिंह को एटीएम गार्ड की नौकरी दिलाने का झांसा दिया। शुरुआत में कुछ रुपये पंजीकरण के नाम पर लिए। इसके बाद कुल 9.60 लाख रुपये कई बैंक खातों में जमा करवा लिए। पीड़ित से और रकम भी मांगी गई। मगर, वह नहीं दे पाया, जिसकी शिकायत उसने साइबर थाना पुलिस को कर दी।

मुकदमा दर्ज कर एसटीएफ ने ठगी में शामिल आशुतोष कुमार पांडेय निवासी आवास विकास विस्तार कॉलोनी, थाना गोरखनाथ, जिला गोरखपुर, उत्तर प्रदेश को गोरखपुर से गिरफ्तार किया है। ठगी में एक अन्य आरोपी जैनुल निवासी रुद्रपुर, देवरिया यूपी को कोर्ट में पेश होने के लिए नोटिस दिया गया है। इसके अलावा ठगी के इस गिरोह का मास्टरमाइंड अविनाश दबिश की भनक लगते ही घर से भाग निकलने में सफल हो गया।

# फरार फर्जी शिक्षक दंपती हर्रैया में गिरफ्तार

**हर्रैया (बस्ती)।** दूसरे के प्रमाणपत्र पर नौकरी करने के आरोपित फर्जी शिक्षक दंपती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों कई महीनों से फरार थे। दोनों गोरखपुर के पिपराइच इलाके के मूल निवासी हैं। हर्रैया ब्लॉक के बिठलापुर प्राथमिक विद्यालय पर अविनाश सिंह और रिंकी सिंह की तैनाती थी। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान पति-पत्नी के अभिलेख फर्जी पाए गए। दोनों अपने नाम बदलकर नौकरी कर रहे थे। अविनाश सिंह का वास्तविक नाम अनिरुद्ध सिंह और रिंकी सिंह का पुष्पा देवी है। दोनों का मूल निवास विजय चौक वार्ड नंबर 10 कब्रगाह रोड, थाना पिपराइच, जिला गोरखपुर है। हर्रैया के प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस को दोनों की तलाश थी। संवाद

# दुष्कर्म के आरोपित मकान मालिक के बेटे को भेजा जेल

गुलरिहा (गोरखपुर)। थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में किराए पर रहने वाली 13 साल की किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित मकान मालिक के लड़के गोविंद को पुलिस ने मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित को सोमवार रात में गिरफ्तार किया था।

मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया जिसके बाद जेल भेजा गया। पुलिस ने रविवार की रात तहरीर के आधार पर 18 वर्षीय गोविंद मौर्या और उनके मामा के बेटे 23 वर्षीय प्रदीप मौर्या के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट, एससीएसटी एक्ट की धारा में केस दर्ज किया था। जानकारी के मुताबिक, दर्ज केस के मुताबिक, पीपीगंज इलाके का एक परिवार गुलरिहा में किराए के कमरे में रहता है। 27 जून को मां-पिता लड़की को कमरे में छोड़कर पिपराइच स्थित रिश्तेदारी में गए थे। 28 जून की शाम जब पति-पत्नी आए तो बेटी ने बताया 27 जून की रात लगभग 11 बजे बाथरूम जाने के लिए जगी तो उसी बीच मकान मालिक का लड़का अपने मामा के लड़के के साथ मिलकर जबरन छत पर उठा ले गया और बारी-बारी से दुष्कर्म किए। परिवार वाले लोकलाज के डर से पहले शिकायत नहीं किए। लेकिन रविवार को थाने पहुंचकर तहरीर दिए जिसके बाद पुलिस ने रात में केस दर्ज कर सोमवार को एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस दूसरे साथी की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# 11 जुआरी धराये

**बरहज (एसएनबी)।** मंगलवार को रेलवे स्टेशन के उत्तर सागौन के बागीचे में जुआरियों के जुआ खेलने की सूचना मुखबिर द्वारा मिलते ही एसएचओ टी जे सिंह अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच जुआरियों को चारों तरफ से घेर लिया। पुलिस को देख जुआरी भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर 11 जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से ताश की गड्डी व 1170 रूपये मिले। पकड़े गये जुआरियों में रईस अली पुत्र अमीन, लोरू यादव पुत्र सुखदेव यादव, ईश मुहम्मद पुत्र लाल मुहम्मद, नारायण यादव पुत्र चन्द्रभान यादव, कृष्णानन्द यादव पुत्र सुरेश यादव, इजहार पुत्र अलाउद्दीन, सुशान्त सोनकर पुत्र मोतीचन्द सोनकर, पुष्पराज उर्फ पिण्टू सिंह पुत्र हृदयनारायण सिंह, शमशेर शेख पुत्र अशरफ शेख, सिकन्दर अली पुत्र अब्दुल अली, इमरान खान पुत्र अकबर अली को धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की।

# शराब से भरी कार व बाइक के साथ एक गिरफ्तार

**मेहरौना(एसएनबी)।** गुठनी पुलिस यूपी बॉर्डर सोहगरा धाम के रास्ते सिवान ले जाये जा रहे शराब से भरी बैगनार गाड़ी व एक बाइक को जब्त कर चार युवकों को गिरफ्तार किया है। गुठनी पुलिस ग्रामीण क्षेत्र के चितविश्राव के समीप से शराब से लदी बैगनार कार तथा बाइक से ले जा रहे शराब को पकड़ा है। मंगलवार सुबह बिहार पुलिस को सूचना मिली कि सोहगरा के रास्ते शराब कारोबारी शराब लेकर जा रहे हैं। सूचना पाते ही गुठनी थानाध्यक्ष खुद पुलिस बल के साथ चितविश्राव गांव के समीप घेराबंदी कर दी। उसी क्रम में यूपी के तरफ से बैनगार कार जिसका नं. डीएल 9 सिंटी 4669 आते दिखाई दी तो उसे जांच के लिए रोका। गाड़ी रोकते ही उसमें बैठें दो युवक भागने की कोशिश करने लगे जिनको बिहार पुलिस के जवानों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। अभी कार को पकड़ने वाली प्रक्रिया चल ही रही थी कि बाइक पर सवार दो युवक शराब लेकर पहुँच गये। हालांकि दूर से पुलिस को देख भागने की कोशिश किये मगर सफल नहीं हुए। पकड़े गये कार व बाइक से 242 बोतल कीमती अफसर चॉइस, 10 कार्टन बीयर, 12 बोतल 8पीएम, 12 बोतल रॉयल स्ट्रांग व 52 बोतल मैक डायल की कीमती अंग्रेजी शराब निकला। गाड़ी से शराब निकलते दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार युवकों में यूपी के बनकटा थाना क्षेत्र के पंडितपुरा गांव निवासी रामबचन यादव का पुत्र उमेश यादव पचरूखी थाना क्षेत्र के पड़ौली गांव निवासी गांधी सिंह का पुत्र मंटू कुमार दरौंदा थाना क्षेत्र के मछौता गांव निवासी मनदेव यादव का पुत्र जितेन्द्र यादव व इसी गांव के बद्री यादव का पुत्र गेनालाल यादव शामिल हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब के साथ पकड़े गये चारों युवकों के खिलाफ प्राथमिक दर्जकर न्यायिक हिरासत में जे भेज दिया गया।

# पिकअप में पशु लेकर जा रहे तस्कर गिरफ्तार

**मेहरौना(एसएनबी)।** बिहार प्रान्त के गुठनी पुलिस ने मंगलवार को पिकअप में भरकर 9 गोवंशीय पशुओं को लेकर आ रहे तस्करों को गिरफ्तार कर पिकअप को जब्त कर लिया। गश्ती पर निकली गुठनी पुलिस ने सुरवार गुंडी गांव के पास यूपी से 9 पशुओं को लेकर जा रही बीआर 29 सी 7565 नम्बर की पिकअप को रोकने की कोशिश की तो तस्कर भाग निकलने के प्रयास में थे कि पुलिस उन्हें पकड़ लिया। जाँच पड़ताल में चार बछड़े और पाँच गाय मिले। पकड़े गये तस्करों में सिवान जिला के धनौती ओपी थाना स्थित खगौरा गांव निवासी सलाउद्दीन का 27 वर्षीय पुत्र सुड्डू उर्फ अफरोज आलम, यूपी के देवरिया जिला मईल थाना स्थित नरसिंहडाड निवासी प्रहलाद सिंह का 25 वर्षीय पुत्र ऋषिमुनि सिंह और उसी गांव का मेवा गोड़ का 29 वर्षीय पुत्र उदभान गोड़ शामिल है। साथ ही पुलिस एक बोलेरो और पिकप को भी पकड़ ली और जिसमें क्रमशः 6 और 7 पीस बबली बंटी शराब थी। पुलिस ने अभियुक्तों जेल भेज दिया।

हिन्दुस्तान दि० 7/7/21

# डीएम व एसपी ने टीका केन्द्रों का किया निरीक्षण

**देवरिया | निज संवाददाता**

डीएम आशुतोष निरंजन व एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने मंगलवार को शहर के सोमनाथ, विकास भवन और ग्रामीण क्षेत्र में मझगांवा स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने सभी जगहों पर सुचारु ढंग से टीकाकरण किए जाने का निर्देश दिया।

डीएम व एसपी सबसे पहले सोमनाथ मोहल्ले में स्थित नगरीय स्वास्थ्य केन्द्र पर टीकाकरण का जायजा लेने के लिये पहुंचे। यहां 86 लोगों को टीके लगाए गए थे। इसके बाद अधिकारियों ने विकास भवन में स्थापित टीकाकरण केन्द्र का जायजा लिया। यहां 50 लोगों को टीका लगा था। काफी संख्या में लोग टीकाकरण के लिए बैठे हुए थे। अधिकारियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मझगांवा में भी टीकाकरण कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी जगहों डीएम ने तैनात कर्मियों से वैक्सीन की उपलब्धता, वेस्टेज आदि की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने वालों का टीकाकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस दौरान अधिकारियों ने सीएम डॉ. आलोक पाण्डेय एवं प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र सिंह से वैक्सीन की उपलब्धता तथा आज के टीकाकरण का लक्ष्य के बारे में पूछा। बताया गया कि आज का लक्ष्य 12 हजार टीकाकरण का है। वैक्सीन उपलब्ध है, जिसकी पूर्ति कर ली जायेगी।



सोमनाथ मोहल्ले में मंगलवार को टीकाकरण की जानकारी लेते डीएम आशुतोष निरंजन व एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र।

हिन्दुस्तान दि० 7/7/21

# सामाधान दिवस में 10 मामलों का निस्तारण

**देवरिया | निज संवाददाता**

डीएम आशुतोष निरंजन और एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने सदर तहसील में मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं की सुनीं। डीएम ने इस दौरान स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी मामलों का निस्तारण गुणवत्ता व समय के साथ पूरा किया जाना आवश्यक है। ऐसे में अधिकारी इस काम में लापरवाही कदापि न बरतें।

डीएम ने कहा कि राजस्व, विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े अधिकारी जिन प्रकरणों में संयुक्त रूप से निराकरण की आवश्यकता हो, उसमें आपसी समन्वय रखते हुए निस्तारण कराएं। कहा कि निस्तारण की गुणवत्ता सही होनी चाहिए। कोई भी प्रकरण लम्बित या डिफाल्टर नही होनी चाहिए। समाधान दिवस में एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई की और थानाध्यक्षों को प्राथमिकता के आधार पर मामलों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस में कुल 34 मामले आये, जिसमें से 10 का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अन्य मामले साक्ष्य व जांच के चलते निस्तारित नहीं किये जा सके। समाधान दिवस में राजस्व के 13, आपूर्ति के 1, एलडीएम के 1, पुलिस के 3, विद्युत, विकास के एक-एक सहित अन्य विभागों के 14 मामले आये। मौके पर ही राजस्व के 7, पुलिस विभाग के 2 तथा नगर पालिका का 1 मामला निस्तारित कर दिया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ. आलोक पाण्डेय, एसडीएम सदर सौरभ सिंह, तहसीलदार आंनद कुमार, सीओ सीटी श्रीयश त्रिपाठी, परियोजना निदेशक संजय पाण्डेय आदि मौजूद थे।



देवरिया सदर तहसील में समस्याएं सुनते डीएम आशुतोष निरंजन, एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र।

# सोने की चेन समेत तीन हुए गिरफ्तार

**भलुअनी।** सोने की चेन के साथ पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष भलुअनी को एक महिला ने गले के सोने का चेन चोरी होने के संबन्ध में जानकारी दी थी। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू कर दिया। अनीता पत्नी राकेश, अन्नू पत्नी सिंधु निवासी सिधुवापार लक्ष्मीपुर थाना बड़हलगंज गोरखपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच में इनके पास से चांदिनी सिंह पत्नी धन्नजय सिंह निवासी-सकरापार बभनी थाना-खुखुन्दू जनपद-देवरिया की सोने के गले की चेन को बरामद कर ली गई। पुलिस टीम द्वारा महिला अभियुक्तों के विरूद्ध थाना भलुअनी पर अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# तीन वांछित गिरफ्तार

**देवरिया।** पुलिस ने अभियान चलाकर तीन वांछितों को गिरफ्तार कर लिया। लार में दर्ज मामले में अफसर अली पुत्र समसूल हक निवासी दखिन मोहल्ला तिवारी टोला व भाटपाररानी में दर्ज मामले में बिट्टू साहनी पुत्र लल्लन साहनी निवासी करमुआं फरार थे।

## जुआ खेलते 11 लोग पकड़े गए

देवरिया : बरहज के लवरछी बाग में पुलिस ने मंगलवार को छापेमारी की। इस दौरान 11 लोग जुआ खेलते हुए पकड़े गए। जिसमें रईश अली, लोरू यादव, ईश मोहम्मद, नारायण यादव, कृष्णानंद यादव, इजहार, सुशांत सोनकर, पुष्पराज, शमशेर शेख, सिकंदर अली, इमरान खान शामिल हैं। तलाशी के दौरान 284 रुपये बरामद किए गए। (जासं)

## दुष्कर्म के आरोपित गिरफ्तार

देवरिया : लार थानाक्षेत्र में महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपित को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित अफसर अली को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वह लार उपनगर के तिवारी टोला का रहने वाला है। (जासं)

# दंपती के बीच बने मनमुटाव को पुलिस ने किया दूर

देवरिया : बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दंपती के बीच मनमुटाव चल रहा था। पहले थाने पर इसकी शिकायत हुई और फिर मामला एसपी कार्यालय तक पहुंच गया। एसपी ने मामले को एच्छिक ब्यूरो को सौंप दिया। पुलिस ने पहल की और दोनों के बीच पैदा हुए मनमुटाव को दूर कराया। महिला ससुराल के लिए एसपी कार्यालय से ही विदा हो गई। (जासं)

दैनिक जागरण दि. 7/7/21

# किशोरों के साथ करें अच्छा व्यवहार

## पुलिस लाइन में हुई विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक, एएसपी ने दिए निर्देश

जागरण संवाददाता, देवरिया: पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में मंगलवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई की मासिक बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सोनकर ने कहा कि थाने पर किशोरों के लिए विशेष इंतजाम है, पहले किशोर को ठीक से समझाएं, अगर बात ज्यादा बिगड़ चुकी है तो उच्चाधिकारियों को इससे अवगत कराकर निर्णय लें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

यूनीसेफ के मंडलीय बाल सुरक्षा सलाहाकार नीरज शर्मा ने कहा कि थानों पर किशोर के साथ अच्छा व्यवहार किया जाए, अगर कोई गलती भी किशोर करता है तो उसे शालीनता से समझाएं। किशोर के सामने बिना वर्दी के पुलिसकर्मी जाएं और उन्हें किसी भी दशा में हथकड़ी न लगाएं। ग्राम व ब्लाक स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, देख-रेख संरक्षण एवं विधि का उल्लंघन करने वाले किशोरों को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद जनपद के विभिन्न थानों पर बाल कल्याण अधिकारी, विशेष किशोर पुलिस, जिसमें एक उपनिरीक्षक, महिला आरक्षी व एक पुरुष आरक्षी को जेजे एक्ट के तहत नामित किया गया। बाल संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने थानों पर नामित बाल कल्याण अधिकारी पुलिस को दिन-प्रतिदिन में किए जाने वाले कार्य के बारे में जानकारी दी।



पुलिस लाइन के प्रेक्षागृह में विशेष किशोर पुलिस इकाई की बैठक को संबोधित करते (बाएं से दूसरे) एएसपी राजेश कुमार सोनकर • जागरण

दैनिक जागरण दि. 7/7/21

# सोने की चेन के साथ तीन गिरफ्तार

जासं, देवरिया: भलुअनी पुलिस ने कस्बा के गांधी चौक से तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके पास से सोने की चेन बरामद की गई। पूछताछ के बाद पुलिस ने तीनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष सुदेश शर्मा पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इस बीच तीन महिलाएं पुलिस को देखते ही भागने लगीं। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पूछताछ में नाम तारा देवी, अनिल देवी अन्नू देवी बताया। तीनों गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र के सिधुवापार लक्ष्मीपुर की रहने वाली हैं। तलाशी के दौरान उनके पास से सोने की चेन बरामद की गई।

अमर उजाला दि. 7/9/21

# किशोर न्याय अधिनियम की जानकारी रखें : एएसपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** पुलिस लाइंस के प्रेक्षा गृह में मंगलवार को विशेष किशोर पुलिस इकाई (एसजेपीयू.) की मासिक समीक्षा हुई। एएसपी व नोडल विशेष किशोर पुलिस इकाई राजेश कुमार सोनकर ने किशोर न्याय अधिनियम में हुए बदलाव के बारे में बताया।

उन्होंने कहा कि विशेष किशोर पुलिस इकाई के कर्तव्य एवं दायित्वों को जानना सबसे जरुरी है। किशोर अधिनियम का पालन सभी करना चाहिए। मंडलीय बाल सुरक्षा सलाहकार यूनीसेफ नीरज शर्मा ने विधि रूप से बालकों, देख-रेख एवं संरक्षण बाल बालकों एवं पाक्सो से संबंधित मामले में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बाल संरक्षण अधिकारी जय प्रकाश तिवारी ने कहा कि जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा थाने पर नामित बाल कल्याण अधिकारी पुलिस को दिन-प्रतिदिन में किये जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह से मुक्त कराये जाने, बाल श्रम पर रोक लगाये जाने एवं बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़े जाने, आदि की सरल प्रक्रिया के बारे में सभी को जानकारी होनी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में बच्चों को थानों अथवा किसी अन्य माध्यम से गोद न दिया जाए। विषम परिस्थिति में फंसे बालकों को हेल्पलाइन नंबर 1098 चाइल्ड लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन पर सूचना दिया जाना चाहिए। बैठक में क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर अम्बिका राम, थाना प्रभारी एचटीयू बदरुद्दीन खां, प्रबंधक वन स्टाप सेंटर, प्रबंधक चाइल्ड लाइन कोलैब, रेलवे, जिला समन्वयक महिला शक्ति केन्द्र के हरीश सिंह, प्रबंधक उपयुक्त संस्था श्याम सुन्दर वेलफेयर मेमोरियल सोसाइटी एवं अन्य अधिकारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# मेहरौना बार्डर पार कर बिहार में पकड़ी गई पशुओं से भरी पिकअप

**मेहरौनाघाट।** बिहार के गुठनी में मंगलवार को पिकअप में 9 गोवंशीय पशुओं को लेकर जा रहे तस्करों को गुठनी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुठनी थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर गुठनी पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी। वाहनों की चेकिंग के दौरान सुरवार गुंडी गांव के पास यूपी से 9 पशुओं को लेकर आ रही पिकअप को रोकने की कोशिश की गई तो तस्कर पिकअप की रफ्तार को तेज कर दिया। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उन्हें दबोच लिया। पकड़े गए चालक व गाड़ी को थाने लाकर जांच की तो उसमें चार बछड़े और पांच गायें थीं। पकड़े गए तस्करों में सुड्डू उर्फ अफरोज आलम, सिवान जिले के धनौती ओपी थाना खगौरा, ऋषि मुनि सिंह व उदयभान गोंड निवासी नरसीडांड थाना मईल हैं। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# रुपये हड़पने को नहर में कूद गढ़ी खुदकुशी की कहानी



बाइक पर बैठा आत्महत्या की झूठी कहानी गढ़ने वाला, पुलिस कर रही पूछताछ।

खड्डा (कुशीनगर) | हिसं

लोगों को विदेश भेजने के नाम पर बीस लाख रुपये वसूल चुके शातिर युवक ने मंगलवार को आत्महत्या की फर्जी कहानी गढ़ पुलिस को भी सकते में डाल दिया। दोस्त की सूचना पर काफी देर तक पुलिस ने नहर में तलाशी करायी। नहीं पता चला तो पुलिस ने शक पर दोस्त से कड़ाई से पूछताछ की तब फर्जी कहानी का खुलासा हुआ। छलांग लगाने वाला युवक तैर कर फरार हो गया है। पुलिस ने दोस्त को हिरासत मे ले लिया है।

कसया थाना क्षेत्र के बैठवलिया निवासी योगेश कुशवाहा ने मंगलवार को अपराह्न खड्डा पुलिस को सूचना दी कि वह बाइक से बंजारीपट्टी मुख्य पश्चिमी गण्डक नहर पकडकर नेपाल जा रहा था। इसी दौरान उक्त थाना क्षेत्र के परशुरामपुर निवासी दिवाकर (30) नामक युवक ने नहर में छलांग लगा दी। उसे बचाने के लिए दो युवक नहर में कूदे भी मगर वह डूब गया और पता नहीं चल रहा है। छलांग लगाने से पहले उसने 20 लाख का कर्ज होने के चलते सुसाइड नोट भी लिखा था, जो उसे मौके पर मिला है। सकते में आयी पुलिस ने तहसीलदार को सूचना दी और कुछ ही देर में तहसीलदार डॉ संजीव राय, इंस्पेक्टर आरके यादव, एसएसआई पीके सिंह, सिपाही प्रमोद यादव, राहुल अत्री आदि मौके पर पहुंच गये। सूचना

युवक की तलाश कराने लगे। यागेश ने पुलिस को बताया था कि वह उधर से गुजर रहा था, युवक को डूबते देख रुका तो उसे सुसाइड नोट मिला, जिसे लेकर वह थाने पर सूचना देने पहुंचा है। स्थानीय तैराकों को नहर में उतारा गया काफी देर बाद भी उसका कहीं पता नहीं

## ऐसे खुली झूठी कहानी की पोल

मौके पर काफी संख्या में स्थानीय लोग भी जुट गए थे। उन्हीं में से किसी ने पहचाना कि योगेश, दिवाकर दोस्त हैं और लोगों से विदेश भेजने के नाम पर वसूली करते हैं। तब पुलिस को यागेश पर शक हुआ। पुलिस कड़ाई से पूछताछ की तो योगेश ने स्वीकारा कि उसने अपने मित्र फटकदौना निवासी प्रभाकर यादव उर्फ दिवाकर के साथ मिलकर झूठी कहानी रची थी। रुपया देने वालों को गुमराह करने के लिए सुसाइड नोट में दिवाकर का झूठा पता लिखा गया। उसने बताया कि प्रभाकर उर्फ दिवाकर ने विदेश भेजने के नाम पर दर्जनों लोगो से लाखों रुपये लिया है। प्रभाकर उसी की बाइक पर बैठकर बंजारीपट्टी बडी गण्डक नहर पर पहुंचा और लोगो के रुपये हड़पने की नीयत से सुसाइड नोट लिख नहर में कूद गया। प्रभाकर के कहने पर डूबने का मोबाइल से वीडियो बनाया। उसके बाद प्रभाकर नहर से बाहर निकल गया। सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस योगेश को थाने लाकर कार्रवाई में जुटी हुई है।



टेकुआटार के राजपुर में पौधरोपण करते रामकोला एसओ दुर्गेश कुमार सिंह।



पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसएचओ अनुज कुमार सिंह • जागरण

# चोरी की दो घटनाओं का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** नगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को चोरी के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का सामान व नकदी बरामद की। शातिरों ने एक ही रात दो घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। न्यायालय के आदेश पर तीनों को जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने कोतवाली परिसर में चोरी की घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए बताया कि एक जुलाई की रात क्षेत्र के गांव मटियरवा में सुरेंद्र प्रताप सिंह के घर चोरी हुई थी। उसी रात बगल के गांव चौरिया प्रतापनगर निवासी अवधेश लाल श्रीवास्तव के घर भी चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। मंगलवार दोपहर में सूचना मिली खिरकिया रोड पर तीन संदिग्ध युवक मौजूद हैं। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची तो तीनों भागने लगे। दौड़ाकर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक स्टेप्लाइजर, एक सिलिंडर तथा सोने-चांदी के जेवर तथा पांच हजार रुपये नकद मिले।

पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि उन्होंने मटियरवा व चौरिया प्रताप नगर में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इनकी पहचान शाहिद अंसारी, पप्पू अंसारी तथा लड्डू निवासी जंगल बेलवा मटियरवा थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तीनों शातिर हैं और इससे पूर्व में भी चोरी की

# घर लौटी किशोरी, पूछताछ में जुटी पुलिस

**जासं. सिंघहा:** क्षेत्र निवासी व गायब किशोरी 27वें दिन मंगलवार को घर लौट आई। इसकी जानकारी होते ही पुलिस किशोरी के घर पहुंची और जरूरी पूछताछ के बाद उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले गई। पुलिस का कहना है कि किशोरी अपनी इच्छा से घर से गई थी। कुछ दिनों तक वह परिचित महिला के घर रही फिर वहां से वह मुंबई रहने वाले अपने चाचा के पास चली गई।

सात जून की शाम को किशोरी गांव के बाहर शौच के लिए गई थी। उसके बाद से लौटी नहीं। किशोरी की मां ने नेबुआ-नौरंगिया थाने में एक समुदाय विशेष के युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश राय ने बताया कि किशोरी ने चाचा के पास मुंबई जाने की बता बताई है।

# चोरी के सामान के साथ तीन हुए गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** कोतवाली क्षेत्र के जंगल बेलवा गांव के मटियरवा टोला और चौरिया में दो घरों में हुई चोरी का मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश किया। अंबे चौक से चोरी के सामान के साथ तीन चोर गिरफ्तार किए गए हैं। यह जंगल बेलवा गांव मटियरवा टोला के निवासी हैं।

कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि जंगल बेलवा गांव के मटियरवा निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह और चौरिया के अवधेश लाल श्रीवास्तव ने तहरीर देकर बताया था कि एक जुलाई को उनके घर में चोरी हुई थी। चोर उनके घर से कीमती सामान चुरा ले गए थे। इस मामले में चोरों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को अंबे चौक से तीनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनका नाम शाहिद अंसारी, पप्पू और लड्डू है, जो जंगल बेलवा के मटियरवा टोला के निवासी हैं। इनकी निशानदेही पर एक स्टेब्लाइजर, एकगैस सिलेंडर, एक मंगलसूत्र, कान की दो बाली, अंगूठी, दो पायल सहित अन्य आभूषण और पांच हजार रुपये नकद बरामद किया गया। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर इनके

कार्रवाई की जा रही है।

तीन चोरों के गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल अनुज कुमार सिंह के साथ एसआई रामलक्ष्मण सिंह, राकेश रौशन सिंह, हेड कांस्टेबल रामदरश चौहान, कांस्टेबल आनंद प्रकाश और

## किसान से 50 हजार रुपये छीनकर फरार

हाटा। नगर के बाघनाथ चौराहे के पास बाइक सवार बदमाशों ने बैंक से रुपये निकाल कर जा रहे एक किसान से पचास हजार रुपये निकाल कर फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। हाटा कोतवाली क्षेत्र के पड़री गांव के गौरा टोला के रहने वाले होशिलानंद मिश्रा भारतीय स्टेट बैंक की हाटा शाखा के अपने खाते से 50 हजार रुपये निकालकर जा रहे थे। वह अभी बाघनाथ चौराहे के पास पहुंचे ही थे कि बाइक सवार बदमाशों ने जबरन उनसे रुपयों से भरा बैग छीन लिया और भाग गए। इस घटना की शिकायत पीड़ित ने तुरंत पुलिस को दी। इस संबंध में कोतवाल जयप्रकाश पाठक ने बताया कि घटना की जानकारी है। बदमाशों की खोज के लिए टीम लगा दी गई है। संवाद

# नहर में कूदने का किया नाटक छानबीन में सामने आई सच्चाई

## पैसा वापस करने का दबाव बढ़ा तो नहर में कूदने की पुलिस को दिलवाई सूचना

संवाद न्यूज एजेंसी

**खड्डा।** विदेश भेजने के नाम पर कई लोगों से लिया पैसा वापस न करने पड़े, इसके लिए एक युवक ने खुद को चिंतित बताते हुए नहर में कूदने का नाटक किया। मित्र के साथ मिलकर रची गई यह कहानी काफी हद तक सफल भी हो गई थी। लेकिन, एक किशोर ने ऐसा करते देख लिया था जिसने पूछताछ में पुलिस को सब बता दिया।

मंगलवार को दोपहर बाद लगभग तीन बजे एक युवक बाइक से खड्डा थाने पहुंचा और बताया कि वह मुख्य पश्चिमी गंडक नहर की पटरी पकड़कर नेपाल की ओर जा रहा था। बंजारी पट्टी गांव के पास एक नहर में कूदकर डूब गया। डूबने वाले युवक ने नहर की पटरी पर एक सुसाइड नोट भी रखा था। सुसाइड नोट देखते ही पुलिस हरकत में आ गई। नहर में डूबने वाले युवक की तलाश में गोताखोर के अलावा एसडीआरएफ की टीम बुला ली गई। तहसीलदार डॉ. एसके राय मौके पर पहुंच गए। इसी बीच बंजारी पट्टी गांव के एक किशोर ने पूरी कहानी उलटते हुए बताया कि युवक नहर में जब कूदा तो वहां मौजूद एक अन्य युवक उसका वीडियो बना रहा था। कुछ देर बाद नहर में कूदने वाला युवक सकुशल बाहर निकल गया था। अभी यह सब चल ही रहा था कि पुलिस को सूचना देने वाले युवक के मोबाइल पर नहर में कूदने वाले युवक का फोन आ गया। इसके बाद पुलिस सूचना देने वाले युवक को पकड़कर थाने ले गई।

इस संबंध में एसओ रामकृष्ण यादव ने बताया कि नहर में कूदने की घटना फर्जी थी। मामले की छानबीन की जा रही है। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



आत्महत्या करने के लिए नहर में कूदने की सूचना पर पहुंचे पुलिस अधिकारी और तहसीलदार । संवाद न्यूज एजेंसी

### गोरखपुर में रहकर कर रहे थे काम

इस मामले के पीछे जो कहानी उभर कर सामने आ रही है उसके अनुसार खड्डा क्षेत्र के एक युवक ने गोरखपुर में किराए का मकान लेकर लोगों को विदेश भेजने का काम शुरू किया था। इसमें कुछ अन्य मित्र भी शामिल थे। इनके साथ एक युवती भी काम करती है जिसके बैंक अकाउंट में पैसा मंगाया जाता था। कई लोगों से पैसा व पासपोर्ट आदि जमा करा लिया गया लेकिन किसी को विदेश भेज नहीं पाए। लोगों ने तगादा शुरू किया तो प्लान बनाकर युवक नहर में कूदकर बाहर निकल गया। इसकी सूचना अपने दोस्त के माध्यम से पुलिस को दिलवा दी, ताकि लोग यह समझें कि पैसा नहीं दे पाने के चलते युवक ने आत्महत्या कर लिया परंतु यह दांव उलटा पड़ गया।

MAHARAJ GANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# हमले के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**कोठीभार।** कोठीभार क्षेत्र के ग्राम सभा बढ़ईपुरवा उर्फ गौरी में सोमवार को पूर्व प्रधान पर हुए धारदार हथियार से हमले के आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अनुसार दोनों को घुघली के सुभाष चौक से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सोमवार को सुबह करीब 9 बजे गांव के अनिरुद्ध उर्फ जुगनू व उसके पिता रामध्रुव ने आवास न मिलने की रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान नरेश पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। दोनों आरोपी गांव से फरार हो गए। सूचना पर एसपी प्रदीप गुप्ता ने गांव का दौरा कर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। पुलिस ने आरोपितों पर तत्काल आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज कर 24 घंटे के अंदर धर दबोचा। सीओ निचलौल डीके उपाध्याय ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को प्रातः करीब 8 बजे सूचना मिली कि दोनों आरोपी भागने की फिराक में थे। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह, उपनिरीक्षक उमेश शर्मा, का. पंकज यादव, अभिनव सिंह, सर्वेश, सुरेंद्र व अरुण घेराबंदी कर दोनों आरोपितों को दबोच लिया। निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त हंसिया बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

# कट्टा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**पुरंदरपुर।** मंगलवार को पुलिस ने एक युवक को कट्टा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसआई तुलसीराम यादव, विवेक कुमार सिंह मयफोर्स गश्त पर थे कि मोहनापुर ओवरब्रिज के पास एक युवक भागने लगा। पकड़कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर का कट्टा व एक कारतूस मिला। उसने अपना नाम रमेश गुप्ता निवासी ललाइन पैसिया बताया। एसओ रवि कुमार राय ने बताया कि पकड़े गए रमेश पर आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# सील मेडिकल स्टोर से थाने ले जाई गई दवाएं

कोल्हुई | **हिन्दुस्तान संवाद**

कोल्हुई क्षेत्र के जंगल गुलरिहा के तुलसीपुर चौराहे पर सील मेडिकल स्टोर से एसडीएम व औषधि निरीक्षक दवाओं को थाने ले गए। करीब पांच माह पूर्व यह दुकान सील हुई थी।

मंगलवार को एसडीएम नौतनवा राम सजीवन मौर्या, औषधि निरीक्षक शिव कुमार नायक की टीम द्वारा पूरी दुकान की दवा थाने भिजवा दिया। औषधि निरीक्षक ने कहा कि अवैध रूप से दुकान संचालित करने की वजह से दुकान सील की गई थी। अब अग्रिम करवाई के लिए दुकान में मौजूद दवा का आंकलन किया जा रहा है। सभी दवाओं की लिस्ट बनाकर जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। एसओ दिलीप शुक्ला का कहना है कि औषधि निरीक्षक की टीम की ओर से जैसी तहरीर मिलेगी, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लाक प्रमुख चुनाव के मद्देनजर एसपी ने किया निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता मंगलवार शाम नौतनवा थाना पहुंचे, जहां उन्होंने ब्लाक प्रमुख चुनाव के मद्देनजर मातहतों को निर्देश दिए। परसामलिक व बरगदवा थाना का निरीक्षण करते हुए महराजगंज चले गए। एसपी ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थानेदारों व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। सीओ कोमल प्रसाद मिश्र को सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसबी व पुलिस की संयुक्त गश्त बढ़ाने के साथ खुली सीमा पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद किया जाए। नियमों को तोड़ने वालों से सख्ती से निपटे। चुनाव संपन्न होने तक ड्यूटी पर समय से नदारद मिले कर्मियों पर भी कार्रवाई तय है। माहौल बिगाड़ने वालों को हिरासत में कर तत्काल कार्रवाई करें। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी संजय कुमार शाही, अमित यादव, रामनाथ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ब्लाक प्रमुख के लिए 10 पर्चे बिके

जासं, महराजगंज : ब्लाक प्रमुख चुनाव के लिए मंगलवार को तीन ब्लाक में दस नामांकन पत्र बिके हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी धनंजय दुबे ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री गुरुवार की सुबह 11 बजे तक होगी।

# तमंचा के साथ गिरफ्तार

**जासंआनंदनगर:** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहनापुर ओवरब्रिज के पास मंगलवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से तमंचा तथा कुछ कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित की पहचान रमेश गुप्ता पुत्र राम रेखा गुप्ता निवासी ललाइन पैसिया थाना पुरंदरपुर के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान चल रहा है।

# 27 बोरी नेपाली मटर के साथ दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बरगदवा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के चकरार गांव के कनरी टोला पर मंगलवार की भोर में नेपाल से साइकिल पर लादकर लाई जा रही 27 बोरी नेपाली मटर पकड़ी गई। एसएसबी जवानों ने दो तस्करों को भी पकड़ा। पूछताछ में पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम अशोक व संतोष निवासी कोहरगड्डी थाना परसामलिक बताया। एसएसबी निरीक्षक पीसी झा ने कहा कि बरामद सामान व पकड़े गए तस्करों को अग्रिम कार्रवाई के लिए निचलौल कस्टम को सिपुर्द कर दिया गया है।

# पुरानी रंजिश में पूर्व प्रधान पर हमला करने वाले गिरफ्तार

**जासं, कोठीभार :** गौरी बढ़ईपुरवां में सोमवार को पुरानी रंजिश में पूर्व प्रधान पर धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपितों को कोठीभार पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पूर्व प्रधान के स्वजन की तहरीर पर कोठीभार पुलिस ने दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को सिसवा के सुभाष चौक से दोनों आरोपितों राम धुरुप व अनिरुद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# सागौन लदी पिकअप बरामद, एक गिरफ्तार

**जासं, चौक बाजार :** दक्षिणी चौक रेंज के जंगल से सटे गांव नक्सा-बक्सा से सागौन की लकड़ी लादकर सोमवार की देर रात जा रहे तस्कर को चौक पुलिस ने सेखुई गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन फरार हैं। उनके पास से 12 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की गई।

थानाध्यक्ष चौक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात 2.40 बजे जब तलाशी ली गई तो उसमें तस्कर बैठा मिला, जबकि तीन अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कर तीन की तलाश की जा रही है तथा पकड़े गए युवक संदीप विश्वकर्मा को जेल भेज दिया गया है।

# मनरेगा में घोटाले की जांच करने पहुंचा विशेष जांच दल

## पीडी, डीसी मनरेगा व बीडीओ परतावल से घंटे भर से अधिक समय तक ली गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना में जिले के परतावल व घुघली में हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये के घोटाले की जांच एसपी की ओर से गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई है। मंगलवार दोपहर एसआईटी टीम जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय (डीआरडीए) पहुंची। इससे खलबली मच गई।

टीम ने परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार व खंड विकास अधिकारी परतावल से घंटे भर से अधिक समय तक मामले से संबंधित जानकारी ली। जांच टीम ने जिम्मेदारों से कुछ अन्य अभिलेख भी उपलब्ध कराने को कहा है।

मनरेगा के तहत जिले के परतावल ब्लॉक में बिना काम कराए करीब 26 लाख रुपये के भुगतान का मामला सामने आया था। इस मामले की जांच चल ही रही थी कि घुघली ब्लॉक में भी करीब 1.28 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आ गया। मनरेगा में लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद प्रशासन ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज करा दिया। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। प्रशासन की पहल पर एसपी प्रदीप गुप्ता ने विशेष जांच दल गठित करते हुए उसे मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को विशेष जांच दल से जुड़े क्राइम ब्रांच के प्रभारी शशांक शेखर राय, सदर कोतवाल मनीष कुमार सिंह तथा टीम के अन्य सदस्य दोपहर करीब 12:30 बजे जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय पहुंचे। वहां पर पहले से मौजूद परियोजना निदेशक राजकरन पाल, उपायुक्त अनिल चौधरी तथा खंड विकास अधिकारी परतावल प्रवीण कुमार शुक्ल से मनरेगा घोटाले के संबंध में जानकारी प्राप्त की। परियोजना निदेशक राजकरन पाल ने बताया कि मनरेगा प्रकरण को लेकर पुलिस की टीम ने कार्यालय आकर जानकारी ली है। कुछ अन्य जानकारी मांगी है।



डीआरडीए कार्यालय में मनरेगा मामले की जांच करती एसआईटी की टीम। संवाद न्यूज एजेंसी

### डीआरडीए कार्यालय में मची खलबली

### पुलिस की मौजूदगी से चर्चाओं का बाजार गर्म

विकास भवन परिसर में दो वाहनों से पहुंचे पुलिस कर्मियों की मौजूदगी से चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। हालांकि डीआरडीए कार्यालय पर पुलिस वाहन के पहुंचने से सभी यह समझ गए कि मनरेगा प्रकरण में ही जांच के लिए पुलिस आई है।

# हमले के आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**कोठीभार।** कोठीभार क्षेत्र के ग्राम सभा बढ़ईपुरवा उर्फ गौरी में सोमवार को पूर्व प्रधान पर हुए धारदार हथियार से हमले के आरोपी पिता-पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अनुसार दोनों के घुघली के सुभाष चौक से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

सोमवार को सुबह करीब 9 बजे गांव के अनिरुद्ध उर्फ जुगनू व उसके पिता रामध्रुव ने आवास न मिलने की रंजिश को लेकर पूर्व प्रधान नरेश पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। दोनों आरोपी गांव से फरार हो गए। सूचना पर एसपी प्रदीप गुप्ता ने गांव का दौरा कर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। पुलिस ने आरोपितों पर तत्काल आईपीसी की धारा 307 के तहत केस दर्ज कर 24 घंटे के अंदर धर दबोचा। सीओ निचलौल डीके उपाध्याय ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही थी। मंगलवार को प्रातः करीब 8 बजे सूचना मिली कि दोनों आरोपी भागने की फिराक में थे। इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धनवीर सिंह, उपनिरीक्षक उमेश शर्मा, का. पंकज यादव, अभिनव सिंह, सर्वेश, सुरेंद्र व अरुण घेराबंदी कर दोनों आरोपितों को दबोच लिया। निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त हंसिया बरामद कर दोनों को जेल भेज दिया गया।

# कट्टा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**पुरंदरपुर।** मंगलवार को पुलिस ने एक युवक को कट्टा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसआई तुलसीराम यादव, विवेक कुमार सिंह मयफोर्स गश्त पर थे कि मोहनापुर ओवरब्रिज के पास एक युवक भागने लगा। पकड़कर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 315 बोर का कट्टा व एक कारतूस मिला। उसने अपना नाम रमेश गुप्ता निवासी ललाइन पैसिया बताया। एसओ रवि कुमार राय ने बताया कि पकड़े गए रमेश परआर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

# सील मेडिकल स्टोर से थाने ले जाई गई दवाएं

कोल्हुई | **हिन्दुस्तान संवाद**

कोल्हुई क्षेत्र के जंगल गुलरिहा के तुलसीपुर चौराहे पर सील मेडिकल स्टोर से एसडीएम व औषधि निरीक्षक दवाओं को थाने ले गए। करीब पांच माह पूर्व यह दुकान सील हुई थी।

मंगलवार को एसडीएम नौतनवा राम सजीवन मौर्या, औषधि निरीक्षक शिव कुमार नायक की टीम द्वारा पूरी दुकान की दवा थाने भिजवा दिया। औषधि निरीक्षक ने कहा कि अवैध रूप से दुकान संचालित करने की वजह से दुकान सील की गई थी। अब अग्रिम करवाई के लिए दुकान में मौजूद दवा का आंकलन किया जा रहा है। सभी दवाओं की लिस्ट बनाकर जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। एसओ दिलीप शुक्ला का कहना है कि औषधि निरीक्षक की टीम की ओर से जैसी तहरीर मिलेगी, उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ब्लाक प्रमुख चुनाव के मद्देनजर एसपी ने किया निरीक्षण

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता मंगलवार शाम नौतनवा थाना पहुंचे, जहां उन्होंने ब्लाक प्रमुख चुनाव के मद्देनजर मातहतों को निर्देश दिए। परसामलिक व बरगदवा थाना का निरीक्षण करते हुए महराजगंज चले गए। एसपी ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए थानेदारों व चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। सीओ कोमल प्रसाद मिश्र को सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठियों पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसबी व पुलिस की संयुक्त गश्त बढ़ाने के साथ खुली सीमा पर आवागमन पूर्ण रूप से बंद किया जाए। नियमों को तोड़ने वालों से सख्ती से निपटें। चुनाव संपन्न होने तक ड्यूटी पर समय से नदारद मिले कर्मियों पर भी कार्रवाई तय है। माहौल बिगाड़ने वालों को हिरासत में कर तत्काल कार्रवाई करें। इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडेय, चौकी प्रभारी संजय कुमार शाही, अमित यादव, रामनाथ गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ब्लाक प्रमुख के लिए 10 पर्चे बिके

जासं, महराजगंज : ब्लाक प्रमुख चुनाव के लिए मंगलवार को तीन ब्लाक में दस नामांकन पत्र बिके हैं। सहायक निर्वाचन अधिकारी धनंजय दुबे ने बताया कि नामांकन पत्रों की बिक्री गुरुवार की सुबह 11 बजे तक होगी।

# तमंचा के साथ गिरफ्तार

**जासंआनंदनगर:** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहनापुर ओवरब्रिज के पास मंगलवार की सुबह वाहन चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति के पास से तमंचा तथा कुछ कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपित की पहचान रमेश गुप्ता पुत्र राम रेखा गुप्ता निवासी ललाइन पैसिया थाना पुरंदरपुर के रूप में हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान चल रहा है।

# 27 बोरी नेपाली मटर के साथ दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बरगदवा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के चकरार गांव के कनरी टोला पर मंगलवार की भोर में नेपाल से साइकिल पर लादकर लाई जा रही 27 बोरी नेपाली मटर पकड़ी गई। एसएसबी जवानों ने दो तस्करों को भी पकड़ा। पूछताछ में पकड़े गए तस्करों ने अपना नाम अशोक व संतोष निवासी कोहरगड्डी थाना परसामलिक बताया। एसएसबी निरीक्षक पीसी झा ने कहा कि बरामद सामान व पकड़े गए तस्करों को अग्रिम कार्रवाई के लिए निचलौल कस्टम को सिपुर्द कर दिया गया है।

# पुरानी रंजिश में पूर्व प्रधान पर हमला करने वाले गिरफ्तार

**जासं, कोठीभार :** गौरी बढ़ईपुरवां में सोमवार को पुरानी रंजिश में पूर्व प्रधान पर धारदार हथियार से हमला करने वाले दो आरोपितों को कोठीभार पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को पूर्व प्रधान के स्वजन की तहरीर पर कोठीभार पुलिस ने दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज किया था। मंगलवार को सिसवा के सुभाष चौक से दोनों आरोपितों राम धुरुप व अनिरुद्ध को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# सागौन लदी पिकअप बरामद, एक गिरफ्तार

**जासं, चौक बाजार :** दक्षिणी चौक रेंज के जंगल से सटे गांव नक्सा-बक्सा से सागौन की लकड़ी लादकर सोमवार की देर रात जा रहे तस्कर को चौक पुलिस ने सेखुई गांव के पास से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीन फरार हैं। उनके पास से 12 बोटा सागौन की लकड़ी बरामद की गई।

थानाध्यक्ष चौक बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की रात 2.40 बजे जब तलाशी ली गई तो उसमें तस्कर बैठा मिला, जबकि तीन अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए। चार लोगों पर नामजद मुकदमा दर्ज कर तीन की तलाश की जा रही है तथा पकड़े गए युवक संदीप विश्वकर्मा को जेल भेज दिया गया है।

# मनरेगा में घोटाले की जांच करने पहुंचा विशेष जांच दल

## पीडी, डीसी मनरेगा व बीडीओ परतावल से घंटे भर से अधिक समय तक ली गई जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) योजना में जिले के परतावल व घुघली में हुए करीब डेढ़ करोड़ रुपये के घोटाले की जांच एसपी की ओर से गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई है। मंगलवार दोपहर एसआईटी टीम जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय (डीआरडीए) पहुंची। इससे खलबली मच गई।

टीम ने परियोजना निदेशक, उपायुक्त श्रम रोजगार व खंड विकास अधिकारी परतावल से घंटे भर से अधिक समय तक मामले से संबंधित जानकारी ली। जांच टीम ने जिम्मेदारों से कुछ अन्य अभिलेख भी उपलब्ध कराने को कहा है।

मनरेगा के तहत जिले के परतावल ब्लॉक में बिना काम कराए करीब 26 लाख रुपये के भुगतान का मामला सामने आया था। इस मामले की जांच चल ही रही थी कि घुघली ब्लॉक में भी करीब 1.28 करोड़ रुपये के गबन का मामला सामने आ गया। मनरेगा में लगातार भ्रष्टाचार के मामले सामने आने के बाद प्रशासन ने आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज करा दिया। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों की गिरफ्तारी कर चुकी है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। प्रशासन की पहल पर एसपी प्रदीप गुप्ता ने विशेष जांच दल गठित करते हुए उसे मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को विशेष जांच दल से जुड़े क्राइम ब्रांच के प्रभारी शशांक शेखर राय, सदर कोतवाल मनीष कुमार सिंह तथा टीम के अन्य सदस्य दोपहर करीब 12:30 बजे जिला ग्राम्य विकास अभिकरण कार्यालय पहुंचे। वहां पर पहले से मौजूद परियोजना निदेशक राजकरन पाल, उपायुक्त अनिल चौधरी तथा खंड विकास अधिकारी परतावल प्रवीण कुमार शुक्ल से मनरेगा घोटाले के संबंध में जानकारी प्राप्त की। परियोजना निदेशक राजकरन पाल ने बताया कि मनरेगा प्रकरण को लेकर पुलिस की टीम ने कार्यालय आकर जानकारी ली है। कुछ अन्य जानकारी मांगी है।



डीआरडीए कार्यालय में मनरेगा मामले की जांच करती एसआईटी की टीम। संवाद न्यूज एजेंसी

### डीआरडीए कार्यालय में मची खलबली

### पुलिस की मौजूदगी से चर्चाओं का बाजार गर्म

विकास भवन परिसर में दो वाहनों से पहुंचे पुलिस कर्मियों की मौजूदगी से चर्चाओं का बाजार गर्म रहा। हालांकि डीआरडीए कार्यालय पर पुलिस वाहन के पहुंचने से सभी यह समझ गए कि मनरेगा प्रकरण में ही जांच के लिए पुलिस आई है।

BASTI POLICE

सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# अश्लील इशारा करने वाले पर केस

**बस्ती।** कप्तानगंज पुलिस ने महिलाओं व लड़कियों को अश्लील इशारा करने के आरोपी पर केस दर्ज किया है। थाने के एसआई राजीव सिंह का आरोप है कि लालगंज के लगुनी निवासी सूरज निषाद गड़हा गौतम अंडरपास के पास से गुजरने वाली महिलाओं व लड़कियों को हाथ से अश्लील इशारा करता है।

# मारपीट की तीन घटनाओं में 11 नामजद

**बस्ती।** मुंडेरवा थाने के जगुई में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। शानधारी देवी पत्नी सूर्यदेव का आरोप है कि गांव के रामकरन, कामनरेश आदि ने मारपीट कर घायल कर दिया। परसरामपुर के सलेमपुर कुंवर निवासी मीना देवी का आरोप है कि गांव के रामजनक, आदि ने भैंस को खूंटे से बांधने के विवाद को लेकर मारपीट की।



एसपी आशीष श्रीवास्तव ने थाना प्रभारी सोनहा व उनकी टीम को सम्मानित किया।

# नदी में छलांग लगाने वाले इंस्पेक्टर को मिला सम्मान

**बस्ती।** सरयू में डूबे बच्चे की जान बचाने के लिए दिलेरी दिखाते हुए नहर में छलांग लगाने वाले थाना प्रभारी सोनहा व उनकी टीम को मंगलवार को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सोनहा थाना क्षेत्र में सोमवार को ननिहाल आया बालक नहाते वक्त गहरे पानी में फंसकर डूबने लगा था। इसकी सूचना मिलते ही निरीक्षक सोनहा रामकृष्ण मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। डूबे बच्चे की तलाश के लिए गहरी नहर में तेज धारा के बीच छलांग लागकर जा पहुंचे। करीब डेढ़ किलोमीटर दूर किशोर को बरामद किया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी थी। एसपी ने कहा कि पुलिस टीम के मानवीय कार्य से आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास पैदा हुआ। इसके लिए पुलिस कार्यालय में मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक सोनहा रामकृष्ण मिश्र, आरक्षी विवेक कुमार यादव, सुनील कुमार व विनय कुमार को प्रशस्ति पत्र देने के साथ शबासी दी।

# कट्टा-कारतूस के साथ दो मोबाइल चोर गिरफ्तार

सल्टौआ | हिन्दुस्तान संवाद

सोनहा पुलिस ने कट्टा-कारतूस के साथ दो मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि तीन जुलाई को मोबाइल फोन चोरी करने वाले दोनों शातिरों शादाब हुसैन निवासी अवसानपुर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर और गोलू निवासी नसीरगंज चौराहा थाना रुधौली बस्ती को टीम ने मंगलवार को बेड़वा पुल के पास से दबोच लिया। इनके कब्जे से चोरी हुए दोनों मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है।

पुलिस के अनुसार सिद्धार्थनगर डुमरियागंज थाना क्षेत्र के परसा पंडित बेंवा चौराहा निवासी अरशद ने तहरीर देकर बताया था कि सोनहा थाना क्षेत्र के नरखोरिया चौराहे पर उनकी बक्से की दुकान है। तीन जुलाई को दुकान से उनका और पड़ोसी दुकानदार नरखोरिया निवासी हृदयराम का मोबाइल चोरी हो गया। पांच जुलाई को तहरीर के आधार पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। दबोचे गए आरोपी शादाब हुसैन के खिलाफ डुमरियागंज थाने में चोरी, गैंगस्टर एक्ट व आर्म्स एक्ट के तहत कुल पांच मुकदमे दर्ज हैं। धरपकड़ करने वाली टीम में एसएसआई उमाशंकर तिवारी, एसआई जयप्रकाश चौबे, विपिन सिंह, सुभेन्द्र तिवारी, विशाल कुमार, विवेक यादव, विजय कन्नौजिया, विजय प्रकाश आदि रहे।

## शिकंजा

- सोनहा पुलिस ने बेड़वा पुल के पास से की धरपकड़
- पांच जुलाई को नरखोरिया से चोरी किया गया था मोबाइल

# जुए में हारी रकम के लिए खुद रची लूट की साजिश

## खुलासा

सलटौआ | हिन्दुस्तान संवाद

जिले के सोनहा थानांतर्गत सेखुई-रामपुर मार्ग पर प्राइमरी पाठशाला तेलियाडीह पिटाउट के पास दो जुलाई को दिन में हुई लूट फर्जी निकली। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि जुआ में हारी रकम के लिए शिकायतकर्ता ने खुद ही लूट की साजिश रची थी। उसने पूरा घटनाक्रम कबूल लिया है।

एसपी ने बताया कि स्पाइस मनी माइक्रो एटीएम संचालक बस्तियां निवासी अमर से दिनदहाड़े 39 हजार पांच सौ रुपये लूट की जांच में सामने आया कि अमर कुमार आनलाइन जुआ खेलता था। इसमें 39 हजार पांच सौ रुपया अमर हार गया था और इसकी जानकारी परिजनों को नहीं दी थी। घर पर लूट की सूचना दी थी। बैंक से पैसा निकालने के बाद 200 मीटर पहले नहर के समीप पुल के नीचे 31 हजार रुपए छुपा दिया था। मोबाइल घर पर भूलने का भी नाटक किया और फर्जी लूट की सूचना पुलिस को दे दी

पुलिस को बताया था कि तीन बदमाशों ने रोका और गर्दन पर चाकू रखकर नगदी लूटने के बाद तीनों बदमाश एक बाइक पर सवार होकर सेखुई की तरफ भाग निकले थे।

# 27 साल तक फर्जी शिक्षक बन नौकरी करने वाला गिरफ्तार

छावनी (बस्ती) | हिन्दुस्तान संवाद

## कार्रवाई

- छावनी पुलिस ने संतकबीरनगर महुली क्षेत्र स्थित घर से पकड़ा
- अभिलेखों के सत्यापन में फर्जीवाड़े का हुआ था खुलासा
- बीएसए स्तर से बर्खास्तगी के बाद मार्च में दर्ज हुआ था केस

जिले की छावनी पुलिस ने फर्जीवाड़ा कर दूसरे के नाम पर 27 साल तक बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक की नौकरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फर्जी शिक्षक फुलैना सिंह को टीम ने संतकबीरनगर जिले के महुली थानांतर्गत बारीडीहा स्थित उसके घर से पकड़ा है। उसके खिलाफ खंड शिक्षा अधिकारी की तहरीर पर सात मार्च 2021 को छावनी थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस के अनुसार संतकबीरनगर महुली थानान्तर्गत बारीडीहा निवासी फुलैना सिंह ने अपना नाम बदलकर उमेश राय पुत्र पारसनाथ राय निवासी ग्राम मधेपुरा थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर के नाम से कूटरचित दस्तावेज तैयार किया था। इन्हीं नाम के अभिलेखों के सहारे 30 नवंबर 1994 को बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक पद पर बस्ती जिले के परसुरामपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय खेमराजपुर में पहली तैनाती हुई थी। इसके बाद विक्रमजोत ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय अतरौरा झाम में जालसाज शिक्षक को पदोन्नति मिलने के बाद चार फरवरी 2009 को प्रधानाध्यापक बन दिया गया था। तभी अतरौरा झाम प्राइमरी में नौकरी कर रहा था। अभिलेखों के सत्यापन के दौरान गड़बड़ी मिलने पर बीएसए स्तर से जांच बैठाई गई थी। जांच में यह सामने आया था कि दूसरे के नाम पर आरोपी नौकरी कर रहा है।

बीएसए जगदीश शुक्ल ने जांच में फर्जी पाए शिक्षक को बर्खास्त करने के साथ ही वेतन रिकवरी व मुकदमा दर्ज कराने का आदेश बीईओ विक्रमजोत को दिया था। बीईओ की तहरीर पर कूटरचित दस्तावेजों पर नाम बदलकर नौकरी करने वाले फर्जी शिक्षक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर मुकदमे में आईपीसी की धारा 467, 468, 471 की बढ़ोत्तरी की गई थी। फर्जी शिक्षक को गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के साथ एसआई राम भवन प्रजापति व आरक्षी

# मास्क नहीं लगाने पर वसूला जाएगा जुर्माना

**जासं, बस्ती :** कार्यालय में मास्क न लगाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों से जुर्माना वसूला जाएगा। जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने कार्यालय एवं कार्यस्थल पर अधिकारियों एवं कर्मचारी को मास्क लगाने की अनिवार्यता सुनिश्चित कराएं।

# फर्जी शिक्षक घर से गिरफ्तार

**जासं, विक्रमजोत:** छावनी थाना क्षेत्र के अतरौराझाम प्राथमिक विद्यालय पर अपना नाम पता और पहचान छिपाते हुए कूट रचित दस्तावेज के सहारे 1994 से शिक्षक के रूप में कार्य करने वाले फर्जी शिक्षक को छावनी पुलिस ने मंगलवार को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया।

आरोपित फुलेना सिंह निवासी बारीडीहा थाना महुली जनपद संत कबीर नगर ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे उमेश राय पुत्र पारसनाथ राय निवासी माधवपुर थाना धनघटा जनपद संत कबीर नगर के नाम से प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक बन गया। कुछ वर्षों से प्रधानाध्यापक के पद पर वह तैनात था। मामले की जानकारी होते ही उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देश



छावनी थाने में पकड़ा गया फर्जी शिक्षक   सौ.पुलिस विभाग

पर बीईओ की शिकायत पर छावनी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 1994 में फर्जी और कूटरचित दस्तावेज के आधार पर नौकरी करने वाले फुलेना सिंह को काफी खोजबीन के बाद उसके घर से गिरफ्तार किया जा सका है। उसे गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक रामभवन प्रजापति और कांस्टेबल वीरेंद्र निषाद भी शामिल रहे।

# जुए में हार गया रकम, लूट की रच दी मनगढ़ंत कहानी

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** सोनहा थानाक्षेत्र के तेलियाडीह पिटाउट गांव के बीच हुई 39500 रुपये के लूट की घटना पुलिस की छानबीन में फर्जी निकली। आनलाइन जुए में वह यह रकम हार गया था। घर वालों की डांट से बचने के लिए खुद ही लूट की कहानी रच दी। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि लूट की घटना बताने वाले सोनहा थाना क्षेत्र के बस्तिया गांव निवासी अमर कुमार द्वारा घटना को लेकर दिया गया बयान संदिग्ध लगा। उससे जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसने तीन पत्ती वाला आनलाइन जुआ खेला था, जिसमें वह 39500 रुपये अपने खाते से हार गया। इस रकम की भरपाई के लिए वह घरेलू कार्य के लिए बैंक में रखी रकम निकालकर लाया और उसमें से 31 हजार रुपये छिपाकर लूट की मनगढ़ंत कहानी रच दी। उसका मकसद परिवार वालों की डांट से बचना था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र, एसएसआइ उमाशंकर त्रिपाठी, एसआइ रामगती, एंटी नारकोटिक्स टीम प्रभारी योगेश सिंह, मुख्य आरक्षी ओम प्रकाश गुप्ता, महेंद्र यादव, कुलदीप, आरक्षी सर्वेश नायक, भगवादास यादव शामिल रहे।

# किशोर को बचाने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित



नरखोरिया के पास सरयू नहर में नहाने के दौरान डूबे बच्चे की तलाश में गहरे पानी में उतरे सोनहा थाने के प्रभारी निरीक्षक व टीम को सम्मानित करते एसपी आशीष श्रीवास्तव ● सौ.पुलिस विभाग

**जासं, बस्ती:** सोमवार को सोनहा थाना क्षेत्र के नरखोरिया गांव के पास डूब रहे किशोर की जान बचाने के लिए सरयू नहर में कूदे पुलिस कर्मियों को एसपी आशीष श्रीवास्तव ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

सोमवार को सुबह 10 बजे नरखोरिया गांव के पास सरयू नहर में नहाते समय थाना क्षेत्र के कुतुबपुर छपिया गांव निवासी 15 वर्षीय राजू पुत्र पटेश्वरी डूबने लगा। इसकी सूचना जैसे ही प्रभारी निरीक्षक सोनहा रामकृष्ण मिश्र को मिली वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। आरक्षी विवेक कुमार यादव, आरक्षी सुनील कुमार, आरक्षी विनय कुमार के साथ उन्होंने डूबे किशोर को खोजने के लिए नहर में छलांग लगा दिया।

# मोबाइल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, भानपुरः** सोनहा पुलिस ने मोबाइल चोरी के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मंगलवार की सुबह बस्ती-डुमरियागंज मार्ग पर स्थित सोनहा थाना क्षेत्र के बैंड़ा पुल के पास से दोनो को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से चोरी की दो मोबाइलें बरामद की गई हैं। उनकी पहचान शादाब हुसेन निवासी अवसानपुर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर व गोलू निवासी नसीबगंज थाना रुधौली के रूप में हुई।

शादाब के पास से एक तमंचा, एक कारतूस व चोरी की दो मोबाइल बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि मो. अरशद निवासी ग्राम परसा पंडित बेवा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर की नरखोरिया पड़ाव पर बक्से की दुकान है। शनिवार की भोर में उसकी तथा यहीं के हृदय राम की मोबाइल चोरी हो गई थी। सोमवार को अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तार आरोपितों के पास से चोरी की मोबाइल भी बरामद हो गई है।

# पूर्व विधायक दूधराम पर लूट व अपहरण का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** जिले में ब्लाक प्रमुख का चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही आरोप प्रत्यारोप और एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने का सिलसिला शुरू हो गया है। साऊंघाट ब्लाक के एक क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत दो लोगों ने पुरानी बस्ती थाने में पूर्व विधायक दूधराम पर लूट व अपहरण की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है।

साऊंघाट विकास खंड के वार्ड नंबर 23 मरवटिया से क्षेत्र पंचायत सदस्य अन्नू चौहान ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनका प्रमाण पत्र पूर्व विधायक दूधराम निवासी संजय कालोनी थाना पुरानी बस्ती ने जबरदस्ती ले लिया है। पुलिस ने लूट की धारा में पूर्व विधायक पर मुकदमा दर्ज किया है। इसी ब्लाक के वार्ड नंबर 79 रसना निवासी राम परीक्षित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा परमात्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य है।

## कार्रवाई

- क्षेत्र पंचायत सदस्य समेत दो ने पुरानी बस्ती पुलिस को दी थी तहरीर
- पूर्व विधायक अपनी बेटी को प्रमुख का चुनाव लड़ाने की कर रहे तैयारी

आरोप लगाया कि पूर्व विधायक उनके बेटे को प्रमाण पत्र के साथ बलपूर्वक अपने साथ गाड़ी में बैठाकर लेकर चले गए। रोकने पर परिवार के लोगों को जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने मामले में अपहरण आदि की धारा में मुकदमा दर्ज किया है। दूधराम की बेटी रेनू भारती के साऊंघाट विकास खंड के प्रमुख पद पर चुनाव लड़ने की चर्चा है। प्रभारी निरीक्षक पुरानी बस्ती ब्रजेंद्र पटेल ने बताया कि तहरीर के आधार पर पूर्व प्रमुख के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

# बेटों ने ही मिलकर की थी पिता पंचराम की हत्या



पंचराम हत्या का पर्दाफाश करते प्रभारी निरीक्षक गौर शमशेर बहादुर सिंह व अन्य
जागरण

**जागरण संवाददाता, टिनिच:** गौर थाना क्षेत्र के आमा ग्राम पंचायत के इमिलिया तिराहा निवासी रिटायर चीनी मिल कर्मी 65 वर्षीय पंचराम मौर्य की हत्या उसके ही दो बेटों ने मिलकर की थी। पुलिस ने हत्यारोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों की निशानदेही पर आलाकत्ल व अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। दोनों को मंगलवार की सुबह 11 बजे कुआनो नदी के गटरा पुल के पास गिरफ्तार किया गया।

पंचराम का शव शनिवार की दोपहर घर के आंगन में खून से लथपथ शव मिला था। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में मृतक के बड़े बेटे शैलेंद्र मौर्य व छोटे बेटे अरविंद मौर्य ने बताया कि माता का निधन पहले ही हो चुका है। पिता का कई महिलाओं से अवैध संबंध था।

इसी चक्कर में उन्होंने संपत्ति बेचनी शुरू कर दी। जब इसकी जानकारी उन दोनों को हुई तो उन्होंने कई बार ऐसा करने से मना किया, लेकिन वह नहीं माने। उन्होंने पूरी संपति किसी दूसरे को वसीयत करने की भी धमकी दी थी। अरविंद ने बताया कि शुक्रवार की रात भी दोनों भाई पिता से इसी सिलसिले में बात करने गए थे, लेकिन पूरी रात उनके पिता ने दरवाजा नहीं खोला। शनिवार की सुबह जब वह

## फालोअप

- पंचराम मौर्य हत्याकांड का पर्दाफाश, दोनों हत्यारोपित गिरफ्तार
- कहासुनी के बाद ईंट और गमले से सिर पर वार कर की थी हत्या

जागे तो एक बार फिर उनसे बात करनी चाही तो वह अपशब्द कहते हुए मारपीट करने लगे। इसी दौरान दोनों भाइयों ने पहले आंगन में रखी ईंट और उसके बाद सीमेंट के गमले से उनके सिर पर वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद दोनों भाग निकले।

आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट, गमले का टुकड़ा, खून लगा कपड़ा, एक रुमाल, दो मोबाइल, दो सौ रुपये नकदी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक गौर शमशेर बहादुर सिंह, एसएसआइ रामेश्वर यादव, चौकी प्रभारी टिनिच अजय कुमार सिंह, कां. विनय कुमार, मनोज कुमार यादव, उमेश यादव, मुंगेरी लाल शामिल रहे।

# पुलिस ने जांचे बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे और अलार्म

संवाद न्यूज एजेंसी

**भानपुर।** बैंक और यहां आने वाले ग्राहकों की सुरक्षा के लिए सोनहा पुलिस ने सतर्कता और बढ़ा दी है। बैंकों के आसपास बिना वजह घूम वाले संदिग्धों और ऐसे वाहनों की मंगलवार को जांच की और सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम को भी चेक किया।

सोनहा थाने के उपनिरीक्षक दयानंद यादव की टीम ने जांच के बाद बिना काम के बैंक के पास मौजूद लोगों को कड़ी हिदायत दी। उन्होंने बैंक ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड और सिपाही की उपस्थिति भी जांची। बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरों और अलार्म के सक्रियता की भी जांच की। बैंक के आस-पास संचालित होने वाली दुकानों पर भी लोगों से अनावश्यक भीड़ न लगाने की अपील की। जांच दौरान उनके साथ सिपाही शशांक यादव और महिला आरक्षी पूजा सिंह ने सुरक्षा के हर पहलू को बारीकी से देखा। वहीं, दूसरी ओर एंटी रोमियो टीम ने बेवजह घूम रहे तमाम किशोर और युवाओं से माफीनामा भी भरवाया।

# पिता की हत्या के आरोप में बेटे किए गए गिरफ्तार

## पंचराम हत्याकांडः वारदात में प्रयुक्त ईंट और गमला बरामद

संवाद न्यूज एजेंसी

**टिनिच (बस्ती)।** गौर थाना क्षेत्र के आमा ग्राम पंचायत के इमिलिया तिराहा निवासी सेवानिवृत्त चीनी मिलकर्मी पंचराम मौर्य की हत्या के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस के मुताबिक, पिता की चाल-चलन से असंतुष्ट दोनों बेटों ने ही उनकी हत्या कर दी थी। दोनों आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट तथा गमले का टुकड़ा बरामद कर लिया है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि मंगलवार की सुबह 11 बजे थाना क्षेत्र के कुआनो नदी के गटरा पुल के पास से दोनों आरोपितों को गिरफ्तार के लिया गया। पंचराम (65) का शव बीते शनिवार की दोपहर उनके घर के आंगन में खून से लथपथ मिला था। मृतक के पुत्र शैलेंद्र मौर्य और अरविंद मौर्य ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उनकी माता का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया था। इसके बाद उनके पिता का दूसरी महिलाओं से संबंध हो गया। उन्होंने संपत्तियों को बेचनी शुरू कर दीं। जब इसकी जानकारी दोनों भाइयों को हुई तो उन्होंने कई बार उनसे बात करने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं माने। अरविंद ने बताया कि शुक्रवार की रात भी दोनों उनसे इसी सिलसिले में बात करने गए थे। शनिवार की सुबह जब बातचीत के दौरान मारपीट और गाली गलौज करने लगे तो इसी दौरान दोनों भाइयों ने पहले आंगन में रखी ईंट और उसके बाद सीमेंट के गमले से सिर पर वार कर दिया। उनके पिता की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मौके से भाग गए। आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त ईंट, गमले का टुकड़ा, खून लगा एक पर्दे का कपड़ा, एक रुमाल, दो मोबाइल फोन, दो सौ रुपये नकदी बरामद की गई।



**आमा में पंचराम मौर्य हत्याकांड के आरोपितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार।** संवाद न्यूज एजेंसी

# अवैध रेल ई-टिकट बनाते दो गिरफ्तार

**बस्ती।** राजकीय रेलवे पुलिस की बस्ती टीम ने सिद्धार्थनगर के इटवा और दुफेडिया चौराहे पर छापा मारकर अवैध रेल टिकट बनाने वाले को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध तरीके से बनाया गया टिकट, नकदी बरामद की गई।

प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार ने बताया कि रेलवे आरक्षित ई टिकट का अवैध धंधा करने की मुखबिर की सूचना के आधार पर इटवा बाजार एवं दुफेडिया चौराहा अंतर्गत छापामारी की गई। इटावा बाजार जेकेजे कांप्लेक्स के सामने प्रदुमन तिवारी निवासी इटवा बाजार को अवैध ढंग से बनाए गए 10 रेल ई टिकट, एक मोबाइल फोन और 26 सौ रुपये के साथ पकड़ा गया। इसके अलावा दोफेडिया चौराहा अंतर्गत निवासी मोहम्मद जमाल को 22 हजार रुपये के अवैध ढंग से बनाए गए रेल टिकट के अलावा एक मोबाइल फोन और लैपटॉप के साथ गिरफ्तार किया गया।

**आरोपितों के पास से अवैध टिकट और नकदी बरामद**

रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट नकहा जंगल पर ले जाकर रेल अधिनियम की धारा 143 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# सोनहा एसएचओ सहित पुलिस टीम सम्मानित

## किशोर को बचाने के लिए नहर में कूद गए थे



एसपी ने सोनहा थाना प्रभारी व अन्य को किया पुरस्कृत। संवाद न्यूज एजेंसी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनहा।** नरखोरिया गांव के निकट सरयू नहर में सोमवार को किशोर को बचाने के लिए नहर में छलांग लगाने वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया गया।

नहर में छलांग लगाने वाले प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र तथा टीम में शामिल आरक्षी विवेक कुमार यादव, आरक्षी सुनील कुमार, आरक्षी विनय कुमार को पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने मंगलवार को सम्मानित किया। सोमवार को करीब दस बजे क्षेत्र के ग्राम नरखोरिया में किशोर के सरयू नहर में नहाते समय डूबने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सोनहा रामकृष्ण मिश्र मय और उनके सहयोगी वहां पहुंचे और नहर में छलांग लगा दी थी।

नहर के गहरे पानी में डेढ़ किमी दूरी तक पानी में खोज कर किशोर को बाहर निकाला। हालांकि तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। एसपी ने मातहतों की इस सक्रियता की प्रशंसा करते हुए प्रशस्तिपत्र प्रदान किया।

# दूसरों के नाम पर शिक्षक बनने के आरोप में तीन गिरफ्तार

## पकड़े गए आरोपितों में गोरखपुर के पिपराइच इलाके के मूल निवासी दंपती भी

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया/छावनी (बस्ती)।** दूसरे के प्रमाणपत्र पर नौकरी करने के आरोपित फर्जी शिक्षक दंपती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों कई महीनों से फरार थे। दोनों गोरखपुर के पिपराइच इलाके के मूल निवासी हैं।

छावनी क्षेत्र में भी पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया हर्रैया ब्लॉक के बिठलापुर प्राथमिक विद्यालय पर अविनाश सिंह और इनकी पत्नी रिंकी सिंह की प्राथमिक विद्यालय पर तैनात थी। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी फर्जी अभिलेख के सहारे शिक्षक बन गए थे। दोनों कई विद्यालय पर ड्यूटी कर चुके हैं। जांच के दौरान दोनों के अभिलेख फर्जी पाए गए। दोनों अपने नाम बदलकर नौकरी कर रहे थे। अविनाश सिंह का वास्तविक नाम अनिरुद्ध सिंह और उसकी पत्नी रिंकी सिंह का सही नाम पुष्पा देवी है।



हर्रैया थाने में आरोपित दंपती गिरफ्तार। संवाद न्यूज एजेंसी

दोनों का मूल निवास विजय चौक वार्ड नंबर 10 कब्रगाह रोड थाना पिपराइच जिला गोरखपुर है। छद्म नाम और संतकबीरनगर के पते पर दोनों सरकारी स्कूल में शिक्षक बनकर नौकरी कर रहे थे।

### दूसरे के प्रमाणपत्र पर नाम बदलकर कर रहे थे नौकरी

जैसे ही दोनों को जांच की भनक लगी, तभी से वे स्कूल से फरार हो गए थे। बीएसए ने दोनों के खिलाफ हर्रैया थाने में तीन माह पहले केस दर्ज कराया था। सोमवार को एसआई सुनील कुमार गौड़ टीम के साथ हाइवे के तेनुआ गांव के निकट दोनों को गिरफ्तार किया। हर्रैया के प्रभारी निरीक्षक बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि पति-पत्नी फर्जी अभिलेख के सहारे नौकरी कर रहे थे। पुलिस को काफी दिनों से दोनों की तलाश थी।

दूसरी ओर फर्जी नाम से सरकारी प्राइमरी स्कूल में नौकरी करने वाले शिक्षक को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष छावनी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि फर्जी शिक्षक को संतकबीरनगर जिले से गिरफ्तार किया गया है।

छावनी पुलिस ने संतकबीरनगर जिले के महुली थाना अंतर्गत ग्राम बारीडीहा से फर्जी शिक्षक फुलैना सिंह को घर से गिरफ्तार किया। आरोपित अपना नाम और पता बदलकर उमेश राय निवासी ग्राम मधेपुरा थाना घनघटा जनपद संतकबीरनगर कर लिया था। उसी नाम से कूटरचित दस्तावेज के सहारे 30 नवंबर 1994 को परशुरामपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय खेमराजपुर में तैनात हुआ था। छावनी थाने पर सात मार्च 2021 को कूटरचित फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने का मामला दर्ज था। विवेचना के दौरान कुछ और धाराएं बढ़ा दी गई थीं।

# जुए में हारी रकम तो किया लूट का नाटक

## चाकू सटाकर साढ़े 39 हजार रुपये लूट की दी थी सूचना

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनहा (बस्ती)।** सोनहा थानाक्षेत्र के तेलियाडीह पिटाउट गांव के बीच हुई 39 हजार पांच सौ रुपये के लूट की घटना फर्जी निकली। ऑनलाइन जुए में सारी रकम हार जाने की वजह से युवक ने खुद कहानी रच दी, ताकि उसको परिवार वालों से डांट न मिले। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके घर के पास की झाड़ी से उस रकम में से 31 हजार रुपये बरामद कर लिए।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि लूट की घटना बताने वाले सोनहा थाने के बस्तिया गांव निवासी अमर कुमार के बयानों पर शक हुआ।

उसके बाद जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो पता चला कि उसने तीन पत्ती वाला ऑनलाइन जुआ खेला था, जिसमें वह साढ़े 39 हजार रुपये अपने खाते से हार गया। इस रकम की भरपाई के लिए वह घरेलू कार्य के लिए बैंक में रखी

से 31 हजार रुपये झाड़ी में छिपाकर लूट होने का नाटक रच डाला। ऐसा करने के पीछे उसकी नीयत परिवार वालों की डांट से बचना था। इस वर्कआउट में एसएचओ रामकृष्ण मिश्र और टीम की भूमिका अहम रही।

**इस तरह बताया था घटना : दो** जुलाई को अमर कुमार ने डायल-112 पर फोन करके लूट की सूचना दी। बताया कि दोपहर करीब साढ़े 11 बजे पीएनबी भिरिया ॠतुराज बैंक पर रुपये निकालने पहुंचा। बैंक से 31 हजार रुपये निकाला। उनकी जेब में पहले से आठ हजार पांच सौ रखा थे। सेखुई मोड से रामपुर मार्ग पर तेलियाडीह प्राथमिक के सामने पहुंचने पर पीछे से बाइक सवार तीन बदमाश पहुंचे। एक ने गले पर चाकू लगा दिया। दूसरे ने जेब में

# बस्ती : पूर्व विधायक पर लूट, अपहरण का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** बसपा नेता और पूर्व विधायक दूधराम पर मंगलवार को पुरानी बस्ती थाने में लूट और अपहरण के दो मुकदमे दर्ज कराए गए। उन पर एक बीडीसी सदस्य ने प्रमाण पत्र लूटने तो दूसरे बीडीसी सदस्य के पिता ने बेटे के अपहरण का आरोप लगाया है। एसपी आशीष श्रीवास्तव ने कहा है कि पूर्व विधायक के खिलाफ दर्ज दोनों मुकदमों की तफ्तीश की जा रही है।

साऊंघाट ब्लॉक के मरवटिया वार्ड-23 से बीडीसी सदस्य अन्नू चौहान ने तहरीर में कहा है कि सोमवार को पूर्व विधायक दूधराम ने उनका निर्वाचन प्रमाणपत्र छीन लिया। वहीं, रसना निवासी राम परीक्षित ने तहरीर में कहा है कि रसनी वार्ड नंबर 79 से उनका पुत्र परमात्मा बीडीसी सदस्य निर्वाचित हुआ है। उन्होंने दूधराम पर बेटे को प्रमाण पत्र के साथ बलपूर्वक अपनी गाड़ी में बैठाकर कहीं ले जाने का आरोप लगाया है।



दूधराम

**एक बीडीसी सदस्य ने प्रमाण पत्र लूटने तो दूसरे के पिता ने दर्ज कराया अपहरण का केस**

## प्रमुख पद की दावेदार हैं पूर्व विधायक की पुत्री

पूर्व विधायक की पुत्री डॉ. रेनू साऊघाट ब्लॉक से प्रमुख पद की दावेदार हैं। उन्होंने मंगलवार को एसपी से मिलकर भाजपा पदाधिकारियों के इशारे पर स्थानीय पुलिस द्वारा उनके परिवार के लोगों के उत्पीड़न की शिकायत की। कहा कि उनके पिता पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। पूर्व विधायक दूधराम ने कहा कि भाजपा के लोग क्षेत्र पंचायत सदस्यों को धमका रहे हैं।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# बीडीसी को डराने-धमकाने वालों पर होगी कार्रवाई

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** ब्लाक प्रमुख के चुनाव की तिथि घोषित होते ही ब्लाक प्रमुख का चुनाव लड़ने वाले संभावित प्रत्याशियो ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए उन्हें सब्जबाग दिखाना शुरू कर दिया है।

निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए गए अधिसूचना के मुताबिक ब्लाक प्रमुख पद के लिए 8 मई को नामांकन, 9 को नामांकन पत्रों की जांच व वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 10 जुलाई को मतदान होगा तथा मतदान कर बाद मतगणना होगा और तत्काल परिणाम भी घोषित कर दिया जाएगा। ब्लाक प्रमुख पद के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होते ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति द्वारा अगर किसी भी क्षेत्र पंचायत सदस्य को डराने धमकाने का कार्य किया गया, तो ऐसे लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। एएसपी ने सभी थानों के समस्त बीट पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपनी-अपनी बीट के समस्त बीडीसी सदस्यों से व्यक्तिगत संपर्क करके उन्हें अपना संपर्क नम्बर उपव्ध करा दे तथा उनसे लिखित में यह प्राप्त कर ले कि उन्हें चुनाव में किसी से कोई आशंका तो नही थी। 24 घण्टे में कम से कम दो बार बीडीसी सदस्यो बात कर उनका कुशल क्षेम जानते रहे।

**ब्लाक प्रमुख पद का चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए एएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश.**

**सभी बीट सिपाही अपने क्षेत्र के बीडीसी से 24 घण्टे में कम से कम दो बार बात करके लेते रहे उनका हालचाल**

**अगर किसी बीडीसी को तत्काल पुलिस की आवश्यक्ता है, तो 112 नम्बर पर करें डायल**

**सभी थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र में ब्लाक प्रमुख पद का चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के लिए होंगे उत्तरदायी**

समस्त बीडीसी सदस्यो को यह भी अवगत करा दें कि यदि उनको तत्काल पुलिस की आवश्यकता है, तो वे तुरन्त 112 नम्बर पर काल करके पुलिस सहायता प्राप्त कर लें। यदि 112 नम्बर मिलने में कोई समस्या हो तो सम्बन्धित थाना प्रभारी का नम्बर भी उन्हें उपलब्ध करा दे। फिर भी अगर किसी बीडीसी के समस्या का समाधान नही हुआ, तो वे एएसपी के मोबाइल नम्बर 9454401112 पर व्हाट्सप या कालिंग के माध्यम से संपर्क कर सकता है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कुल 1116 बीडीसी है। समस्त थाना प्रभारी अपने- अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए उत्तरदायी होंगे।

# पाक्सो एक्ट के तहत एक बाल आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

शोहरतगढ़। थाना क्षेत्र के एक पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे बाल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सीओ प्रदीप कुमार यादव के कुशल निर्देशन में अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र बहादुर सिंह के नेतृत्व में मुकदमा अपराध संख्या 120/21 धारा 376(3), 506, 452, 323, 504 आईपीसी व 3/4 पाक्सो एक्ट में वांछित बाल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में कां. अशोक कुमार, रि. का. अंकित वर्मा, रि. का. समर बहादुर शामिल रहे।

### फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने का मामला

# पांच और शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर परिषदीय विद्यालय में नौकरी करने वाले 5 और शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। बर्खाश्त किये गए शिक्षको के विरुद्ध बीएसए के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न थानों में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र द्वारा फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने वाले जिन शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है, उनमें से मनु कुमार सिंह पुत्र ओम नारायण सिंह सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय रक्सेल, कुमारी सरोज उपाध्याय पुत्री ब्रह्मचारी उपाध्याय सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय जमुहवा, सीमा पुत्री दिलीप कुमार सहायक अध्यापक विद्यालय अहिरौली, धर्मेंद्र यादव पुत्र कैलाश यादव सहायक अध्यापक प्राथमिक विद्यालय भरवलिया तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी जोगिया विजय आंनद द्वारा विकास ख के प्राथमिक विद्यालय श्रीनगर में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात प्रियंका सिंह पुत्री मन्जी सिंह के विरुद्ध धारा 419, 420, 467, 468 तथा 471 आईपीसी के तहत अभियोग पंजीकृत कर पुलिस अभियुक्तो की गिरफ्तारी करने के लिए जुट गई है।

> पिछले 15 दिनों के अंदर 20 फर्जी शिक्षको के विरुद्ध दर्ज कराया गया मुकदमा
>
> पूर्व बीएसए राम सिंह ने अपने कार्यकाल में भी सैकड़ो फर्जी शिक्षकों की सेवा को कर दिया था समाप्त
>
> जिले में अभी भी फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षको की संख्या काफी अधिक है

बताया जा रहा है कि फर्जी शिक्षक मनु कुमार सिंह बलिया जनपद के मनियार थाना क्षेत्र के ग्राम पनिया का रहने वाला है। कुमारी सरोज उपाध्याय पुत्री ब्रह्मचारी उपाध्याय देवरिया जनपद के भाटपाररानी थाना क्षेत्र के ग्राम खड़ेसर के रहने वाली है। जबकि प्रिंयका सिंह बलिया जनपद के बांसडीह थाना क्षेत्र के ग्राम टघरौली की रहने वाली है। बीएसए राजेन्द्र सिंह द्वारा तावड़तोड़ फर्जी शिक्षको के विरुद्ध किये जा रहे है। कार्यवाही से अन्य फर्जी शिक्षकों में हड़कम्प मच गया है। वताते चले कि जिले में फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षको की बाढ़ आ गई है, इसके पहले तत्कालीन बीएसए राम सिंह ने भी अपने कार्यकाल में फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर सैकड़ो शिक्षको को बर्खास्त किया था। सूत्रों की माने तो जिले में अभी भी फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने वाले शिक्षको की काफी संख्या है, ऐसे संदिग्ध शिक्षको को चिन्हित करके विभाग द्वारा गोपनीय तरीके से उनके अभिलेखों का सत्यापन करा रही है। सत्यापन की कार्यवाही के दौरान जिन शिक्षकों के अभिलेख फर्जी पाए जाएंगे उनके विरुद्ध भी गाज गिरना तय है।

# सिपाही दिन में दो बार बीडीसी का लेंगे हाल

सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता

प्रमुख चुनाव को लेकर बीडीसी को धमकाने या उन्हें अगवा कर अनयत्र ले जाने की प्रक्रिया पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। बीट सिपाहियों से कहा गया है कि वह क्षेत्र पंचायत सदस्यों से संपर्क कर उनका मोबाइल नंबर ले लें और दिन में कम से कम दो बार संपर्क करें।

एसपी सुरेश चंद्र रावत ने बताया कि सभी बीट सिपाहियों को निर्देशित किया गया है कि वह क्षेत्र पंचायत सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उनका मोबाइल नंबर हासिल करें और 24 घंटे में कम से कम दो बार उनसे संपर्क कर कुशल क्षेम पूछें। बीडीसी सदस्य को अगर किसी प्रकार की दिक्कत हो तो वह 112 पर कॉल कर तत्काल पुलिस की मदद ले सकते हैं। 112 पर संपर्क न होने पर थाना प्रभारी से संपर्क करें। वहां से भी समस्या का समाधान न होने पर उनके नंबर 9454401112 पर कॉल या व्हाटस एप मैसेज कर संपर्क कर सकते हैं। बीडीसी को किसी भी व्यक्ति द्वारा धमकाने, डराने की सूचना को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

# क्राइम कंट्रोल मीटिंग में एसपी ने कसे पेच

**सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता**

क्राइम कंट्रोल मीटिंग में एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने मातहतों के पेच कसते हुए निर्देश दिया कि लंबित मामलों का अनावरण करें। अनावरण में लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महिला अपराध रोकने पर भी उन्होंने जोर दिया।

मंगलवार को पुलिस लाइंस सभागार में आयोजित क्राइम कंट्रोल मीटिंग के में उन्होंने छह माह से अधिक अवधि से लंबित अभियोगों का विवरण देखा। महिला अपराध से जुड़े दर्ज केसों के बारे में जानकारी ली और उसे रोकने को कहा। महिलाओं की समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों द्वारा की जा रही विवेचनाओं व वांछित आरोपियों के विवरण के बारे में जानकारी ली। वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के क्या प्रयास हो रहे हैं इसकी समीक्षा की।



पुलिस लाइंस सभागार में एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ने क्राइम कंट्रोल मीटिंग की।

आईजीआरएस पोर्टल पर लंबित प्रकरणों के बारे में जानकारी के बाद उसे निस्तारित करने का निर्देश दिया। थाना स्तर पर लंबित मामलों के भी निस्तारण का निर्देश दिया। उन्होंने कोविड प्रोटोकाल का पालन कराने को कहा। एसपी ने कहा कि कोविड प्रोटोकाल का पालन कराने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। आगामी त्योहार ईद-उल-अजहा व श्रावण मास की तैयारी संबंधी जानकारी लेते हुए शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने का निर्देश दिया।

# 147 वाहनों का किया चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कागजात में कमी पाए जाने, यातायात नियमों का उलंघन करने के आरोप में 147 वाहनों का चालान कर दिया। साथ ही 1.42 लाख रुपये शमन शुल्क वसूल किया गया।



पौधारोपण करते पुलिसकर्मी ●जागरण

# नामांकन के दौरान रहना होगा सजग : डीएम



पुलिस लाइन सभागार थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीएम दीपक मीणा ( मध्य में ) एसपी राम अभिलाष त्रिपाठी ( दाएं ) ●जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** जिलाधिकारी दीपक मीणा व पुलिस अधीक्षक राम अभिलाष त्रिपाठी ने मंगलवार को पुलिस लाइन सभागार में संयुक्त रूप से क्राइम मीटिंग की। ब्लाक प्रमुख चुनाव को सकुशल संपन्न कराने की रणनीति तैयार की। कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कहा। चुनाव के दौरान कोविड प्रोटोकाल के अनुपालन के लिए निर्देशित किया।

डीएम ने कहा ब्लाक प्रमुख का चुनाव संपन्न कराने की चुनौती है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। नामांकन के दौरान सजग रहना होगा। बीडीसी की सुरक्षा का दायित्व पुलिस को उठाना होगा। एसपी ने कहा महिला अपराध से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए। पुरस्कार घोषित अपराधियों का लोकेशन खोजा जाए। इनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। आइजीआरएस पर आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए।

बकरीद व सावन की तैयारियां अभी से पूरी की जाए। एएसपी सुरेश चंद्र रावत, एसडीएम सदर विकास कश्यप, शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह, बांसी जगप्रवेश, इटवा उत्कर्ष श्रीवास्तव, डुमरियागंज त्रिभुवन, सीओ सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह, शोहरतगढ़ प्रदीप यादव, डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का आरोपी नाबालिग गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के एक गांव में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे नाबालिग आरोपी को पुलिस ने मंगलवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे बाल सुधारगृह बस्ती भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ राजेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि क्षेत्र के गांव में एक नाबालिग के साथ गांव के एक नाबालिग लड़के ने दुष्कर्म किया था। इस मामले में किशोरी के परिजनों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मंगलवार की सुबह टीम ने गांव के पास से उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए महिला पुलिसकर्मी की देखरेख में भेजा गया जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# बीडीसी सदस्यों से दो बार बात करेंगे बीट सिपाही

संवाद न्यूज एजेंसी

## ब्लॉक प्रमुख चुनाव को लेकर थानों को निर्देश

**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक प्रमुख पद के लिए चुनावी की तिथि घोषित होते ही पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए इसके लिए सभी थानाध्यक्ष उनका नंबर लेंगे और बीट पुलिसकर्मी 24 घंटे में दो बार बात करेंगे। साथ ही अगर दिक्कत हो डायल 112 पर कॉल करके सूचना दे सकेंगे।

10 जुलाई को ब्लॉक प्रमुख पद के लिए चुनाव की तिथि घोषित कर दी गई है। जिले के 14 ब्लॉकों में प्रमुख पद चुनाव होना है। सुरक्षा के मद्देनजर एएसपी से सभी थानों को निर्देश जारी किया है। कहा है कि समस्त थानों में सभी बीट पुलिस अधिकारी अपनी-अपनी बीट के समस्त बीडीसी सदस्यों से व्यक्तिगत संपर्क करके उन्हें अपना संपर्क नंबर प्रदान करें। उनसे लिखित में प्राप्त कर लें कि कोई उनको आशंका तो नहीं है। 24 घंटे में कम से कम दो बार उनसे कुशलक्षेम अवश्य पूछें। समस्त बीडीसी सदस्यों को यह भी अवगत करा दें।

यदि उनको तत्काल पुलिस की सहायता है तो डायल-112 नंबर पर तुरंत कॉल करके पुलिस सहायता प्राप्त कर लें। यदि डायल-112 नंबर मिलने में कोई समस्या हो संबंधित थाना प्रभारी का नंबर भी उन्हें अवगत करा दें। किसी बीडीसी सदस्य की समस्या का फिर भी समाधान ना हो तो वह मेरे मोबाइल नंबर 9454401112 पर व्हाट्सएप या कॉलिंग के माध्यम से संपर्क कर सकता है। जनपद में कुल 1116 बीडीसी सदस्य हैं।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# आधा दर्जन पुलिस कर्मियों का हुआ स्थानांतरण

संतकबीरनगर | **निज संवाददाता**

पुलिस अधीक्षक डॉक्टर कौस्तुभ ने जनपद में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए देर रात आधा दर्जन पुलिस कर्मियों का स्थानांतरण किया है। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन से पांच एसआई को थाने पर भेजा गया है। लाइन से एसआई बलराम पांडेय, शैलेंद्र कुमार व श्यामदेव प्रसाद को थाना धनघटा, रमजान अली कोतवाली खलीलाबाद और एसआई नत्थू प्रसाद को थाना महुली पर तैनात किया गया है।

इसके साथ ही आरक्षी संजीव कुमार डायल 112 से क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद पेशी कार्यालय भेज दिया गया।

# बिना मास्क वालों से वसूला जुर्माना

**संतकबीरनगर।** जिले की पुलिस ने बिना मास्क के घूम रहे लोगों से जुर्माना वसूल किया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार कोविड-19 संक्रमण रोकने के लिए बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया। जनपद के तीनों सर्किलों के सभी थानों ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने, हाथ धोने आदि के सम्बन्ध में जागरूक किया। इसके साथ ही अभियान चलाकर बिना मास्क के घूम रहे 56 व्यक्तियों से सात हजार 800 रूपए चालान वसूल किया गया।

# विभिन्न मामलों में 14 पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में 14 आरोपितों पर कार्रवाई की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने अपराधियों की धर पकड़ के लिए अभियान चलाया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने छह, दुधारा एक, धनघटा तीन, मेंहदावल दो और धर्मसिंहवा पुलिस ने दो आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। आरोपितों को संबंधित न्यायालय प्रस्तुत कर दिया।

# यातायात नियम तोड़ने वालों पर कसा शिकंजा

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल की।

चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 127 वाहनों के स्वामियों से एक लाख नौ हजार 500 रूपए शमन शुल्क वसूल किया।



चुनाव को लेकर अधिकारियों संग बैठक करतीं डीएम दिव्या मित्तल व एसपी डॉ. कौस्तुभ।

# चुनाव में अशांति फैलाने वालों को चिह्नित करें

संतकबीरनगर। **निज संवाददाता**

डीएम दिव्या मित्तल व एसपी डा. कौस्तुभ ने आगामी ब्लॉक प्रमुख चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए मंगलवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चुनाव को लेकर शांति व कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया समस्त बीट पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में भ्रमण कर सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से मिलकर उनके सुरक्षा की समीक्षा करें। चुनाव के दौरान अशांति फैलाने वालों को चिह्नित कर उन्हें अधिक से अधिक मुचलके से पाबन्द करें।

अपर जिलाधिकारी मनोज, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के साथ ही समस्त उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अम्बरीश भदौरिया, क्षेत्राधिकारी धनघटा अंशुमान मिश्र, क्षेत्राधिकारी मेंहदावल रामप्रकाश तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी सहित जनपद के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

## पांच उप निरीक्षकों को मिली तैनाती

जासं, संतकबीर नगर : कानून व्यवस्था को बेहतर करने के लिए पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ ने पांच उप निरीक्षकों सहित एक सिपाही का स्थानांतरण किया। पुलिस लाइन में रहे इन उप निरीक्षकों को थानों पर तैनाती दी गई है। उप निरीक्षक बलराम पांडेय, शैलेंद्र कुमार, श्यामदेव प्रसाद को धनघटा थाना, रमजान अली को खलीलाबाद कोतवाली और नाथू प्रसाद को महुली थाने पर तैनाती दी गई। इसके साथ ही सिपाही संजीव कुमार को डायल 112 से क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद कार्यालय स्थानांतरित किया गया है।

# 56 लोगों से वसूला जुर्माना

संतकबीरनगर। बिना मास्क के घूमने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस ने 56 लोगों को पकड़ा। एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि पकड़े गए लोगों से 7,800 रुपये जुर्माना वसूल किया।

उन्होंने कहा कि कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। इससे बचने के लिए मास्क पहनना बेहद जरूरी है। बगैर मास्क के लोग घरों से बाहर कत्तई न निकले। दो गज की दूरी बनाए रखे और बार-बार हाथ को सैनिटाइज करते रहे। नियमों का पालन करके ही कोरोना की जंग जीती जा सकती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेंगी। ब्यूरो

# फर्जी दस्तावेज से शिक्षक बनने का आरोपित गिरफ्तार

**छावनी।** फर्जी नाम से सरकारी प्राइमरी स्कूल में नौकरी करने वाले शिक्षक को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थानाध्यक्ष छावनी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि फर्जी शिक्षक को संतकबीरनगर जिले से गिरफ्तार किया गया है।

**महुली थाना के बारीडीहा से फर्जी शिक्षक फुलैना सिंह को पकड़ा गया**

छावनी पुलिस ने संतकबीरनगर जिले के महुली थाना अंतर्गत ग्राम बारीडीहा से फर्जी शिक्षक फुलैना सिंह को घर से गिरफ़्तार किया। आरोपित अपना नाम और पता बदलकर उमेश राय निवासी ग्राम मधेपुरा थाना घनघटा जनपद संतकबीरनगर कर लिया था। उसी नाम से कूटरचित दस्तावेज के सहारे 30 नवंबर 1994 को परशुरामपुर ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय खेमराजपुर में तैनात हुआ था। छावनी थाने पर सात मार्च 2021 को आरोपित पर कूटरचित फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने का मामला दर्ज हुआ था। विवेचना के दौरान कुछ और धाराएं बढ़ा दी गई थीं। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# एटीएम बदलकर उड़ाते थे पैसा

**गोण्डा।** कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपितों ने बताया कि ये लोग एटीएम रूम के आसपास मौजूद रहकर एटीएम का सही से इस्तेमाल न कर पाने वाले लोगों पर निगाह रखते हैं। जब ऐसे लोग पैसा नहीं निकाल पाते है तो मदद करने के नाम पर लोगों का एटीएम बदल देते है और बातचीत करते-करते पासवर्ड जान लेते है। ठगी और धोखाधड़ी का यह काम जनपद गोण्डा के अलावा बस्ती, अयोध्या, सन्तकबीरनगर आदि अन्य जनपंदों में भी कर रहे थे। बरामद कार, बाइक व नम्बर प्लेटों के बारे में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पकड़े जाने से बचने के लिए वह अक्सर अपने इन वाहनों के नम्बर प्लेट बदल-बदलकर विभिन्न स्थानों पर ठगी का काम कर रहे थे।

Scanned with CamScanner

# तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**परसपुर।** पुलिस ने आपरेशन तमंचा के तहत चलाए गए अभियान में मंगलवार को ग्राम आहेट चौराहे के समीप से ग्राम मरचौर के राजकुमार पुरवा निवासी गोनू पासवान नामक एक युवक को एक देशी तमंचा व दो जीवित कारतूस के साथ गिरफ्तार करने का दावा किया है।

इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जामा तलाशी के दौरान पकड़े गए व्यक्ति के पास से तमंचा के अलावा सफेद धातु की एक जोड़ी पायल भी बरामद हुई है। जो चोरी की एक घटना से संबंधित है। एसओ ने बताया आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# सरगना सहित तीन गिरफ्तार

**कामयाबी**

गोण्डा | संवाददाता

अभियान के तहत मंगलवार को पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने एटीएम चोर गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए एटीएम कार्ड, बाइकें, असलहे और 51 हजार रुपए नगद बरामद किए हैं। पुलिस ने बरामद कुल सम्पत्ति करीब नौ लाख की बताई है।

**ये किए गए गिरफ्तार :** अखिलेश, पाण्डेय उर्फ नान्हू निवासी हरसिंघवा



पुलिस सभागार में सरगना व सदस्यों के साथ एसपी व पुलिस टीम • हिन्दुस्तान

चौहानपुर, सुशील कुमार विश्वकर्मा निवासी लोहारनपुरवा मरौची धुसवा खास व लल्लू विश्वकर्मा लोहारनपुरवा मरौची धुसवा खास थाना मनकापुर को पकड़ा है। टीम में उप निरीक्षक राम प्रकाश यादव, सुनील सिंह, एसओजी प्रभारी व साइबर सेल के लोग रहे।

CS Scanned with CamScanner

# आरोपित गिरफ्तार

खरगूपुर : तीन दिन पहले अपहृत की गई युवती को पुलिस ने बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर आरोपित नसीम निवासी निधिनगर के खिलाफ मुकदमा किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार करके युवती को बरामद कर लिया गया। (संसू)

CS Scanned with CamScanner

# एटीएम कार्ड बदलकर रुपये उड़ाने वाले गिरोह पकड़ा गया



पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते एसपी संतोष कुमार मिश्र • जागरण

संसू, गोंडा : एटीएम कार्ड बदलकर रुपये उड़ाने वाले अंतर जनपदीय चोर गिरोह का पुलिस ने राजफाश किया है। गिरोह के सरगना समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार भी किया।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि मनकापुर पुलिस, एसओजी व साइबर सेल की संयुक्त टीमों ने एटीएम कार्ड बदलकर दूसरों के रुपये उड़ाने वाले पेशेवर तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि वह लोग एटीएम कक्ष के आसपास रहते थे। एटीएम का सही से इस्तेमाल न कर पाने वाले उपभोक्ताओं पर निगाह रखते थे। ऐसे लोगों को मदद का भरोसा देकर उनका एटीएम कार्ड ले लेते और उसका पिन नंबर जान लेते। बातचीत के दौरान ही उपभोक्ता का एटीएम कार्ड बदल लेते थे। बाद में उस एटीएम कार्ड के माध्यम से रुपये निकाल लेते थे। एसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपित जिले के अलावा बस्ती, अयोध्या, संतकबीरनगर में भी इस तरह की ठगी कर चुके हैं। आरोपितों में मनकापुर के हरसिंघवा चौहानपुर निवासी अखिलेश पांडेय, लोहारनपुरवा मरौची धुसवाखास निवासी सुशील कुमार विश्वकर्मा व लल्लू विश्वकर्मा शामिल हैं। इनके पास से 51 हजार नकद, दो मोटरसाइकिल, एक कार, तीन अन्य गाड़ियों के नंबर प्लेट, विभिन्न बैंकों के दस एटीएम कार्ड, तीन अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किए गए।

# एटीएम चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

## नगदी, एटीएम कार्ड, कार, बाइक समेत नौ लाख की संपत्ति बरामद

**संवाद न्यूज एजेंसी**



गोंडा में एटीएम चोरी के आरोपियों संग एसपी व पुलिस टीम। संवाद

**गोंडा।** पुलिस ने मंगलवार को अन्तर्जनपदीय एटीएम चोर गिरोह के सरगना समेत तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से 31 हजार रुपये नकदी समेत विभिन्न बैंक के 13 एटीएम कार्ड, कार, बाइक, रिवाल्वर व तमंचा कारतूस बरामद हुआ है।

लिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि कोतवाली मनकापुर, एसओजी व साइबर सेल की टीम ने अन्तर्जनपदीय एटीएम से चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से ठगी किए गए 51000 हजार नगद, विभिन्न बैंकों के 10 एटीएम कार्ड, 3 ब्लैंक कार्ड, 1 कार, 2 बाइक, 3 वाहनों के नंबर प्लेट, 12 बोर दो तमंचा, 12 बोर का दो जिन्दा कारतूस, .38 बोर की 1 देशी रिवाल्वर, .38 बोर का 2 कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए एटीएम चोरी के आरोपियों ने नाम अखिलेश पांडेय उर्फ नान्हू निवासी हरसिंघवा चौहानपुर कोतवाली मनकापुर, सुशील कुमार विश्वकर्मा निवासी लोहारनपुरवा मरौची धुसवा खास कोतवाली मनकापुर, लल्लू विश्वकर्मा उर्फ सूर्य कुमार निवासी लोहारनपुरवा मरौची धुसवा खास कोतवाली मनकापुर बताया।

एसपी ने बताया कि एटीएम चोरो का सरगना अखिलेश पांडेय उर्फ नान्हू पांडेय हैं जोकि कोतवाली मनकापुर का हिस्ट्रीशीटर व टॉप-10 अपराधी है। नान्हू के खिलाफ एटीएम चोरी, ठगी, धोखाधड़ी व हत्या समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। बताया कि बरामद कार की कीमत 700000 लाख, बाइक की कीमत-150000 व नगदी 51000 हजार रूपए समेत कुल नौ लाख की सम्पत्ति बरामद की गई है।

एसपी के मुताबिक, पूछताछ में तीनों ने बताया कि एटीएम केबिन के आस-पास मौजूद रहकर एटीएम का सही से इस्तेमाल न कर पाने वाले लोगों पर नजर रखते थे, जब ऐसे लोग जो नेटवर्क प्रोब्लम या अन्य कारणों से रुपये नहीं निकाल पाते थे तो मदद के बहाने एटीएम बदल लेते थे। बातचीत में फंसाकर पासवर्ड जानकर पैसा निकाल लेते थे। बताया कि बस्ती, अयोध्या, सन्तकबीर नगर के साथ ही अन्य जनपदों में भी यही करते थे।

CS Scanned with CamScanner

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# शांतिभंग की आशंका में दर्जनों पर कार्रवाई

**बलरामपुर।** पुलिस विभाग ने शांति व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए करीब एक दर्जन से अधिक लोगों पर शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की है।

पुलिस टीम ने अभियुक्तों को गिरफ्तार करके न्यायालय के लिए रवाना किया है। एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए सघन तलाशी के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अपर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्रा के नेतृत्व में बराबर अभियान चलाया जा रहा है। थाना उतरौला प्रभारी निरीक्षक पंकज सिंह ने बताया कि शांतिभंग की आशंका में 12 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। कहा कि चालान किए गए व्यक्तियों से क्षेत्र में शांतिभंग की आशंका बनी हुई थी। इसलिए उन्हें गिरफ्तार करके

# महिला आरक्षियों ने किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। एसपी हेमंत कुटियाल के निर्देश पर जिले के सभी कोतवाली व थानों की महिला आरक्षियों ने महिलाओं के जीवन स्तर को सुधारने के लिए जागरुकता अभियान चलाया। ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की सलाह दी गई।

एएसपी अरविंद मिश्र के पर्यवेक्षण में जिले के सभी 14 कोतवाली व थानों में सरकार व प्रशासन की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कोतवाली जरवा की महिला आरक्षी पूजा सिंह, आदिती पटेल, किरन यादव, सौम्या देवी, सीलम यादव, रंजना यादव,

## महिलाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की दी सलाह

रोहित बेबी व आरती देवी ने ग्राम कुसहवा में महिला जागरुकता अभियान चलाया। महिलाओं को सशक्तिकरण बनाने के साथ-साथ उन्हें यूपी 112, 1076 व 1090 की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। थाना महराजगंज तराई के शिवचरनडीह गांव में महिला आरक्षियों ने ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने और महिला संबंधी अपराध के बारे में बताया गया। ग्रामीण महिलाओं को मोबाइल नंबर दिए गए और बताया गया किसी भी समस्या का निराकरण कराने के लिए इन नंबरों पर तत्काल फोन करें। हेड कांस्टेबिल राजेश वर्मा, विचित्रमणि, नरेंद्र मौर्या, महिला कांस्टेबिल प्रियंका व लक्ष्मी देवी ने धामपुर में जागरुकता अभियान चलाया और महिलाओं को जानकारी दी। देहात कोतवाली के सिसई ग्राम में महिला आरक्षी प्रिया सिंह, रीतू सिंह, यशी वाजपेयी व आरती सिंह ने कार्यक्रम कर ग्रामीण महिलाओं को सुरक्षा व शासन से चलाए जा रहे महिला सशक्तीकरण के बारे में बताया। वहीं हरैया, ललिया, पचपेड़वा, सादुल्लाहनगर, गौरा चौराहा व रेहरा बाजार थाने के साथ कोतवाली उतरौला, गैसड़ी व नगर की महिला आरक्षियों ने गांवों में महिलाओं को जागरुक किया।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

## भारतीय अफसरों ने रुपईडीहा में पश्चिम की ओर बन रहे ड्राइपोर्ट का निरीक्षण किया

# अपराध और नशा मिलकर रोकेंगे

**इण्डो-नेपाल बैठक**



नानपारा के अगैया स्थित एसएसबी की 59वीं वाहिनी मुख्यालय सभागार में बैठक में चर्चा करते भारत-नेपाल के अफसर।

रुपईडीहा | **संवाददाता**

अगैय्या स्थित एसएसबी की 59 वीं वाहिनी के सभागार में भारत- नेपाल के सीमावर्ती अधिकारियों की बैठक सोमवार की दोपहर में हुई। इस समन्वय बैठक में सीमावर्ती क्षेत्र में संगठित अपराधों व सीमावर्ती सुरक्षा प्रबंधों पर चर्चा की गई। भारतीय अधिकारियों ने रुपईडीहा के पश्चिम में करोड़ों की लागत से बन रहे ड्राइपोर्ट का निरीक्षण किया गया। साथ ही अपराध व नशे पर अंकुश लगाने को लेकर रणनीति बनाई।

दोनों देशों के अफसरों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराध और नशे को मिलकर रोकेंगे। इनके नियंत्रण के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। यह एक परिचयात्मक बैठक भी थी। दोनों देशों के बीच सीमावर्ती अधिकारियों की त्रैमासिक बैठकें होने की परम्परा रही है। कोविड-19 को लेकर यह बैठक काफी दिनों बाद हुई है। बैठक में बहराइच के नवागंतुक जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, एसपी सुजाता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार, एसडीएम नानपारा राम आसरे वर्मा, सीओ नानपारा जंग बहादुर यादव व एसडीएम मोतीपुर मौजूद रहे। नेपाली जिला बांके के डीएम शिवराम गेलाल, बांके के एसपी श्याम कृष्ण अधिकारी, बर्दिया के डीएम सन्त बहादुर सुनार, बर्दिया के एसपी ईश्वर कार्की आदि मौजूद रहे। बहराइच के डीएम व एसपी, एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार, एसडीएम नानपारा राम आसरे वर्मा, सीओ ने बैठक के बाद निर्माणाधीन इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट का निरीक्षण किया।

## रणनीति बनाई

- **दोनों देशों के अफसरों ने सुरक्षा के लिए रणनीति बनाई**
- **कोरोना के कारण काफी दिनों बाद एक साथ बैठे अफसर**

### जड़ी-बूटियों व हथियारों की तस्करी पर अंकुश लगेगा

**बहराइच।** इण्डो-नेपाल के दोनों देशों के अफसरों की बैठक में शामिल अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अशोक कुमार ने बताया कि बैठक में मानव तस्करी, मादक पदार्थों, नशीली दवाओं, जड़ी बूटियों और अवैध हथियारों की तस्करी के बारे में सूचनाएं साझा करने को लेकर दोनों देशों के अधिकारियों ने सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि खुली सीमा के कारण दोनों देशों के अपराधियों के एक देश में अपराध कर दूसरे देश में फरार होने की संभावना बनी रहती है। कई मामलों में सरहदी जंगलों में मिले शवों के शिनाख्त को लेकर भी चर्चा हुई।

# बीट चौपाल में महिलाओं को कानूनी जानकारी दी गई

कैसरगंज | **संवाददाता**

पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह के निर्देशन मंगलवार को फखरपुर थाने के पुलिस कर्मियों की ओर से ग्राम पंचायत टेण्डवा महंत बीट चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में गांव की महिलाओं को महिला आरक्षी गोल्डी त्रिपाठी ने महिला अधिकारों व हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी।

महिला आरक्षी गोल्डी त्रिपाठी ने बीट चौपाल में मौजूद महिलाओं को घरेलू हिंसा, बाल हिंसा व महिलाओं से संबंधित अन्य अपराधों की जानकारी दी। साथ ही महिलाओं को किसी भी मुसीबत में होने पर वूमेन पावर लाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, चाइल्ड लाइन, डायल 112 आदि विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों पर फोन करने के प्रति जागरूक किया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह भदौरिया ने ग्रामीणों से सतर्क रहने व अपने आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। दरोगा वीके गुप्ता ने महिलाओं को कोविड-19 टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया। महिला आरक्षी गोल्डी त्रिपाठी ने गांव की अध्यापिकाओं, आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़ा। चौपाल में आरक्षी रामदेव प्रजापति, मनोज वर्मा, महिला आरक्षी आकांक्षा सिंह, निशा चौरसिया, ग्राम प्रधान प्रवेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## आयोजन

- महिलाओं से संबंधित अन्य अपराधों की जानकारी दी
- कोविड-19 टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया

# 45 शीशी अवैध देशी शराब बरामद, एक बंदी

**रुपईडीहा।** एक भारतीय युवक को स्थानीय पुलिस ने 45 शीशी झूम मार्का देशी अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाने के एसआई सुभाष यादव, मुख्य आरक्षी आश मोहम्मद व रमेश कुमार ने सोमवार की रात 11:45 बजे बाबागंज बाजार में इस युवक को 45 शीशी देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है। युवक की पहचान अजय पुत्र ननकऊ निवासी पथरकट्ट मोहल्ला पुरानी बाजार बाबागंज थाना रुपईडीहा के रूप में हुई है। युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# एक करोड़ की ब्राउन शुगर बरामद

बहराइच | संवाददाता

भारतीय इलाके से तस्करी कर नेपाल को ब्राउन शुगर का पैकिट ले जा रहा डोप पैडलर सरहद पर धरा गया। बरामद मादक पदार्थ की अन्तरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ सात लाख रुपये आंकी गई है।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि रुपईडीहा एसएचओ अशोक कुमार सिंह को सोमवार की आधी रात को सूचना मिली कि कोई मादक पदार्थ तस्कर सरहद पार नेपाल मादक पदार्थ की खेप ले जाने की फिराक में कस्बे के किसी इलाके में मौजूद है। उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल अफसरों को दी। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार व सीओ नानपारा जंग बहादुर यादव के पर्यवेक्षण में दरोगा रुदल बहादुर सिंह, सिपाही वीरेन्द्र गुप्ता, प्रमोद वर्मा को दबिश को भेजा। सशस्त्र सीमा बल की टीम को भी साथ लेने के निर्देश दिए। सशस्त्र सीमा बल रुपईडीहा बार्डर आउट पोस्ट पर तैनात एएसआई दीप सिंह भाटी, सिपाही कुन्नू विस्वाल, अमित मोदक को साथ लेकर तलाश अभियान शुरू किया गया।



रुपईडीहा थाने में बरामद ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार आरोपी।

रेलवे स्टेशन माल गोदाम रोड पर एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से बरामद पॉलिथीन पैकिट में 107 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान इसी थाने के सहजना निवासी नफीस के रूप में हुई। पूछताछ के बाद आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# धोखाधड़ी मामले में वांछित आरोपित गिरफ्तार

**संसू, कैसरगंज (बहराइच) :** कोतवाल ने धोखाधड़ी के मुकदमे के वांछित लालू प्रसाद, विष्णु कुमार व माधुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कोतवाल हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि आरोपित कई दिनों से फरार चल रहे थे।

# तस्करी रोकने को भारत-नेपाल ने बुना ताना-बाना

- सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों की समन्वय बैठक में सूचनाओं के आदान-प्रदान पर जोर
- मानव, वन्य जीव एवं वन संपदा के तस्कर बड़ी तादात में सीमावर्ती जिलों में दोनों ओर सक्रिय

**जागरण संवाददाता, बहराइच :** बढ़ रही मानव एवं वन्यजीवों की तस्करी रोकने के लिए भारत और नेपाल नए सिरे से रणनीति बनाने में जुट गए हैं। दोनों देश के सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों ने सोमवार की शाम सीमा सुरक्षा बल के अगैया स्थित मुख्यालय के सभागार में समन्वय बैठक की, जिसमें सीमावर्ती जिलों के शीर्ष अधिकारियों ने एक-दूसरे को मोबाइल एवं वाट्सएप के माध्यम सूचनाओं को त्वरित गति से आदान-प्रदान करने का ताना-बाना बुना।

बैठक में तय किया गया कि मानव तस्करी, गो तस्करी, वन्यजीव एवं संपदा की तस्करी रोकने के लिए आपसी समन्वय को और सघन बनाया जाएगा। सीमा पार कर आने-जाने वाले अपराधियों को पकड़ कर पूछताछ एवं कार्रवाई से एक-दूसरे को अवगत कराया जाएगा।

जून में मानव तस्करी में लिप्त नेपाली अपराधी के भरवा बंदूक सहित पकड़े जाने से चिंता बढ़ी है। इस मौके पर वन क्षेत्र की सुरक्षा के लिए निगरानी तंत्र को और मजबूत तथा प्रभावी बनाने का निर्णय लिया गया।



नानपारा में आयोजित इंडो- नेपाल बार्डर बैठक में मौजूद दोनों देशों के अधिकारी ● जागरण

बैठक में भारत की ओर से बहराइच के जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, सीमा सुरक्षाबल की 42वीं वाहिनी के कमांडेंट तपन दास, 59वीं वाहिनी के उप कमांडेंट वैभव आदि अधिकारी बैठक में शामिल रहे तो वहीं नेपाल की ओर से बांके जिले के मुख्य विकास अधिकारी शिवराम गेलाल, पुलिस अधीक्षक श्यामकृष्ण अधिकारी, एबीएफ के कमांडेंट अशोक बाम, बर्दिया जिले के सीडीओ संतबहादुर सोनार, एसपी ईश्वर कार्की, कमांडेंट नरबहादुर रावत ने हिस्सा लिया।

## कोरोनाकाल में आक्सीजन देने के लिए जताया आभार

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने कोरोनाकाल में कोविड से बचाव एवं मरीजों के लिए आवश्यकतानुसार आक्सीजन उपलब्ध कराने के लिए नेपाल के अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि नेपाल के भारत से सदैव अच्छे संबंध रहे हैं। सीमावर्ती इलाके में उसे और प्रगाढ़ बनाया जाना चाहिए।

# तस्करी रोकने के साथ सीमा सुरक्षा को लेकर मंथन, रणनीति तैयार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** एसएसबी मुख्यालय अगैया में भारत-नेपाल के अधिकारियों के बीच डिस्ट्रिक्ट कोआर्डिनेशन की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता भारत की ओर से बहराइच जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र व संचालन एसएसबी कमांडेंट टप्पन कुमार दास ने किया। बैठक में दोनों देशों की सीमा सुरक्षा को लेकर मंथन कर रणनीति बनाई गई। जिससे तस्करी व अन्य अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लग सके।

**भारत व नेपाल के अधिकारियों के बीच हुई बैठक**

भारत-नेपाल की सीमा खुली है। सीमा खुली होने के कारण तस्करी जोरों पर होती है। तस्करी समेत अन्य आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए एसएसबी मुख्यालय अगैया में भारत-नेपाल के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। बैठक में सीमा सुरक्षा को लेकर चर्चा शुरू हुई। दोनों देशों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी बात रखी और सुझाव दिए। जिससे सीमा की सुरक्षा के साथ तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

जिले में मिल रहे अज्ञात शव के शिनाख्त में सहयोग के लिए भी नेपाल के अधिकारियों से चर्चा की गई। दोनों देशों के अधिकारियों ने एक-दूसरे का सहयोग करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान भारत के जनपद बहराइच की तरफ से पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अशोक कुमार, एसडीएम नानपारा रामआसरे वर्मा, सीओ नानपारा जेबी यादव व नेपाल राष्ट्र के तरफ से जिलाधिकारी बर्दिया व बांके पुलिस अधीक्षक तथा आर्म पुलिस फोर्स जनपद बर्दिया व बांके के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




अगैया स्थित एसएसबी मुख्यालय में बैठक में मौजूद दोनो देशों के अधिकारी। -संवाद

## सीमा पर स्मैक की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रुपईडीहा (बहराइच)।** नेपाल में स्मैक की तस्करी करने जा रहे तस्कर को गश्त के दौरान एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से स्मैक की खेप बरामद हुई। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस की मुताबिक बरामद स्मैक की कीमत 1.07 करोड़ रुपये आंकी गई है। भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा में एसएसबी व पुलिस के जवान गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराने के साथ मादक पदार्थों की तस्करी को भी रोकने का काम करते हैं। रूपईडीहा थाने में तैनात एसआई रुदल बहादुर सिंह व एसएसबी के एएसआई दीप सिंह भाटी की संयुक्त टीम मंगलवार सुबह गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान माल गोदाम रोड के पास एक युवक आता हुआ दिखाई पड़ा। टीम को देखकर युवक भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। रूपईडीहा थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि तलाशी के दौरान युवक के पास से 107 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में तस्कर की पहचान सहजना गांव निवासी नफीस के रूप में हुई। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत एक करोड़ सात लाख रूपये है। तस्कर को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

**अंतरराष्ट्रीय कीमत 1.07 करोड़, भारत से जा रहा था नेपाल**

# सीमा पर स्मैक की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रुपईडीहा (बहराइच)।** नेपाल में स्मैक की तस्करी करने जा रहे तस्कर को गश्त के दौरान एसएसबी व पुलिस की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान युवक के पास से स्मैक की खेप बरामद हुई। पुलिस ने तस्कर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस की मुताबिक बरामद स्मैक की कीमत 1.07 करोड़ रुपये आंकी गई है। भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा में एसएसबी व पुलिस के जवान गश्त कर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराने के साथ मादक पदार्थों की तस्करी को भी रोकने का काम करते हैं।

**अंतरराष्ट्रीय कीमत 1.07 करोड़, भारत से जा रहा था नेपाल**

रूपईडीहा थाने में तैनात एसआई रुदल बहादुर सिंह व एसएसबी के एएसआई दीप सिंह भाटी की संयुक्त टीम मंगलवार सुबह गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान माल गोदाम रोड के पास एक युवक आता हुआ दिखाई पड़ा। टीम को देखकर युवक भागने लगा। टीम ने घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। रूपईडीहा थानाध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि तलाशी के दौरान युवक के पास से 107 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में तस्कर की पहचान सहजना गांव निवासी नफीस के रूप में हुई। एएसपी ग्रामीण अशोक कुमार ने बताया कि बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय कीमत एक करोड़ सात लाख रूपये है। तस्कर को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# SHRAWASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 07-07-2021

# पत्नी की हत्या करने वाला पति गिरफ्तार

**इकौना।** चार दिन पूर्व गोली मार कर पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को थाने लाकर जेल भेज दिया गया। मामला दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

नवीन मॉडर्न थाना क्षेत्र श्रावस्ती के ग्राम भट्टू पुरवा निवासी अख्तर हुसैन पुत्र हैदर अली ने दो जुलाई को गोली मारकर पत्नी फातिमा बेगम की हत्या कर दी थी। ग्राम चौकीदार की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मामले में मृतका के भाई की ओर से तहरीर देकर दहेज हत्या का आरोप लगाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने श्रावस्ती पुलिस को आरोपी की गिरफ्तारी का निर्देश दिया था। सोमवार को श्रावस्ती थाने के प्रभारी निरीक्षक विजय बहादुर सिंह टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

# 41 वाहनों का पुलिस ने चालान काटा

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर सोमवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहन चेकिंग की गई साथ ही यातायात पुलिस की ओर से भी विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 128 वाहनों के कागजात, सीट बेल्ट व हेलमेट के साथ ही वाहन में सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया। इसमें 41 वाहनों को यातायात नियमों का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया। साथ ही चालान किए गए वाहन स्वामियों पर 80 हजार रुपये का शमन शुल्क लगाया गया। पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाने की हिदायत दी।

# कोविड नियम उल्लंघन पर 109 पर कार्रवाई

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। दैनिक भ्रमण व गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वाल लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

सोमवार को 109 लोगों को कोविड नियम का उल्लंघन करते पाया गया। इन लोगों का चालान कर 14 हजार 600 रुपये जुर्माना वसूल किया गया। इसी क्रम में सभी थाना व चौकी प्रभारियों ने गश्त किया। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने लोगों से बातचीत कर क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही लोगों से कहा कि वे संकट के समय पुलिस के डायल 112 पर सम्पर्क कर मदद ले सकते हैं।

# तमंचा संग आरोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : सिरसिया थानाध्यक्ष राजेंद्र कनौजिया पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर गुलरा फटवा नहर पुल के पास से गुलरा फटवा निवासी इरफान उर्फ गोली को दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से देशी तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।(संसू)

# 'तीन दिन में लंबित मुकदमों की सूची उपलब्ध कराएं अधिकारी'

## भिनगा तहसील में हुई राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक

**संसू, श्रावस्ती :** 10 जुलाई को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर भिनगा तहसील सभागार में प्रशासनिक व न्यायिक अधिकारियों की बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता अपर जनपद न्यायाधीश उमेश कुमार द्वितीय ने की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से संबंधित मुकदमों की सूची तैयार कर तीन दिन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय को उपलब्ध करा दें।

राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वितीय नोडल अधिकारी अपर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि सभी प्रशासनिक अधिकारी अपने न्यायालय व अधीनस्थ न्यायालयों अथवा कार्यालयों पर सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करेंगे। इसमें मोटर वाहन अधिनियम, भरण-पोषण, वैवाहिक/पारिवारिक विवाद, राजस्व विवाद, श्रम अधिनियम से संबंधित वाद, शॉप एक्ट, नाप-तोल के मामले, विद्युत अधिनियम, आबकारी अधिनियम, जिला परिषद एवं नगर पालिका परिषद अधिनियम, उपभोक्ता फोरम के वाद, स्टांप एक्ट, चकबंदी वाद, दाखिल खारिज व दीवानी मामलों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाएंगे। प्रिलिटिगेशन वादों का निस्तारण भी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। अधिक से अधिक प्रिलिटिगेशन मामलों को नियत कर निस्तारण कराएं। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल जज प्रवर खंड ने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के नोटिस का तामिला विशेष अभियान के तहत 100 प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित करें। एआरटीओ कार्यालय की ओर से कोई नक्शा प्रेषित नहीं किया गया। इस पर एआरटीओ को नोटिस जारी की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सिविल जज प्रवर खंड मृत्युंजय श्रीवास्तव, एडीएम योगानंद पांडेय, एएसपी बीसी दूबे, एसडीएम भिनगा राजेश कुमार मिश्र, जमुनहा प्रवेंद्र कुमार, इकौना आरपी चौधरी मौजूद रहे।



भिनगा तहसील सभागार में राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक मौजूद अपर जनपद न्यायाधीश उमेश कुमार ( दाएं से दूसरे) ● जागरण


जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# हत्यारोपित पति को दबोचा

**इकौना :** नवीन मार्डन श्रावस्ती थानाध्यक्ष वीबी सिंह ने गश्त के दौरान पत्नी की गोली मारकर हत्या करने वाला परशुरामपुर के भट्ठपुरवा निवासी आरोपित अख्तर हुसैन को बेलहाराघव तिराहे से दबोच लिया। (संसू)

# 17 विवेचनाएं लंबित देख नाराज हुए सीओ

**संसू, श्रावस्ती :** सीओ इकौना महेंद्र पाल शर्मा ने मंगलवार को गिलौला थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान बैठक कर अपराध समीक्षा की। 17 विवेचनाएं लंबित मिलने पर सीओ ने नाराजगी जताई। 10 दिनों में निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सीओ ने थाने के विभिन्न कक्षों का भ्रमण कर साफ-सफाई व अभिलेखों का रखरखाव देखा। वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी व लंबित प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय को दिए। विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अपराधियों पर नकेल कसने के लिए विवेचना का कार्य तेजी से पूरा करना होगा। वैज्ञानिक ढंग से विवेचना करें, जिससे अपराधी कानून से बच न पाए। थाना परिसर, आगंतुक कक्ष, हवालात, बैरक, मालखाना, भोजनालय व थाना कार्यालय में अभिलेखों को देखा।